* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 206


कर्नाटक के सीएम पद पर फंसा पेंच, बुधवार को बेंगलुरु में हो सकती है नाम की घोषणा



### निलंबित आइएएस से 25 मई तक अब इडी करेगी पूछताछ

# छवि रंजन की तीसरी बार हिरासत अवधि बढ़ी

- जेल में प्रेम प्रकाश से मुलाकात का मिला सबूत
- कोर्ट में मंगलवार को किया गया पेश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेना की जमीन फर्जीवाड़ा मामले में लिप्त निलंबित आइएएस छवि रंजन की हिरासत अवधि तीसरी बार बढ़ा दी गयी है। उन्हें 25 मई तक रिमांड पर भेज दिया गया है। उनसे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की पूछताछ अभी जारी रहेगी। दरअसल, इडी को जेल में निलंबित आइएएस छवि रंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की मुलाकात के सबूत हाथ लगे हैं। इस सबूत ने साबित कर दिया है कि दोनों के बीच संबंध रहे हैं।

**प्रेम प्रकाश से संबंध को नकारा था :** गौरतलब है कि इडी ने 4 मई को पूछताछ के बाद छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें 6 मई को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने पहली बार 12 मई तक के लिए रिमांड पर भेजा। इडी ने 12 मई को फिर कोर्ट में पेश किया और दूसरी बार 17 मई तक के लिए रिमांड मिला था। इस दौरान इडी ने छवि रंजन से जमीन फर्जीवाड़ा और उनके पावर ब्रोकर और अन्य लोगों से संबंध के बारे में पूछताछ की थी। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने इडी के सामने प्रेम प्रकाश को पहचानने से इंकार कर दिया था। आइएएस अधिकारी से जब यह पूछा गया कि उन्होंने क्या प्रेम प्रकाश से रिश्वत के एक करोड़ रुपये लिये थे, तो छवि रंजन का जवाब था कि वह प्रेम प्रकाश को जानते तक नहीं हैं।

**सीसीटीवी से हुआ मलाकात का खुलासा :** बता दें कि सोमवार रात नौ बजे के बाद इडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी की थी। इसमें उसने जेल का सीसीटीवी फुटेज जब्त किया। उसे देखने के बाद इडी को यह सबूत हाथ लगा कि 5 मई की शाम सिस्टम को अपनी मर्जी से चलानेवाला जमीन दलाल प्रेम प्रकाश छवि रंजन के सेल में गया था। उसने करीब 50 मिनट तक उनसे बातचीत की थी। वह उनके सेल में मुंह पर गमछा बांधे हुए दिखा था। छवि रंजन और प्रेम प्रकाश के बीच मिलीभगत का इडी को पुख्ता सबूत हाथ लग गया।

**अब संबंध के बारे में होगी पूछताछ :** छवि रंजन की रिमांड बुधवार को समाप्त हो रही थी। सीसीटीवी फुटेज में प्रेम प्रकाश से मुलाकात के बाद इडी छवि रंजन से पूछताछ के लिए एक बार फिर रिमांड पर लेना चाह रही थी। इडी ने मंगलवार को उन्हें अदालत में पेश किया और रिमांड पर देने का आग्रह किया। अदालत ने इडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए तीसरी बार छवि रंजन को 25 मई तक के लिए रिमांड पर भेज दिया है।

**छवि रंजन के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य :** अब तक की गयी पूछताछ में इडी को जो जानकारी मिली है, वह आइएएस छवि रंजन के खिलाफ ही जा रही है। छवि रंजन के खिलाफ इडी के पास पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। अब तक छवि रंजन से हुई पूछताछ में उन्होंने कारोबारी विष्णु अग्रवाल के पैसे से गोवा घूमने जाने की बात स्वीकार कर ली है। इसके साथ ही उन्होंने इडी को बताया है कि सेना की कब्जे वाली जमीन और हेहल के बजरा मौजा की जमीन मामले में फर्जी मालिकों के पक्ष में उन्होंने फैसला दिया था।

# झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव मुंबई से हुआ गिरफ्तार



### गैंगस्टर पर दर्ज हैं 23 आपराधिक मामले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को मुंबई से गिरफ्तार किया है। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी अभियान और एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने संयुक्त रूप से पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। डीजीपी ने बताया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि हत्या, आतंक का पर्याय, संगठित अंतरराज्यीय आपराधिक गिरोह का सरगना अमन श्रीवास्तव मुंबई में पनाह लिये हुए है। सूचना के बाद एटीएस की टीम को मुंबई भेजा गया, जहां महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया गया। अमन श्रीवास्तव को मुंबई न्यायालय के समक्ष मंगलवार को प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे रांची लाया जायेगा।

डीजीपी ने बताया कि अमन पिछले सात-आठ वर्षों से आतंक का पर्याय रहा है। इस गैंगस्टर पर कुल 23 जघन्य आपराधिक कांड दर्ज हैं। इनमें हत्या के दो, हत्या के प्रयास के चार, रंगदारी के 13, आर्म्स एक्ट के दो, यूएपी एक्ट का एक और धारा 174 (ए) भादवि का एक कांड शामिल है। इसके अतिरिक्त इस गैंग के खिलाफ राज्य के अन्य जिलों में और भी कई कांड दर्ज हैं, जिसका विवरण एकत्रित किया जा रहा है। डीजीपी ने बताया कि गैंगस्टर राज्य के कोयला उत्खनन क्षेत्र और विकास योजनाओं में कार्यरत कंपनियों और कारोबारियों के बीच भय तथा आतंक का माहौल बना कर लगातार रंगदारी की मांग करता था। रंगदारी के लिए फायरिंग और अन्य विध्वंसकारी घटना को अंजाम देता था। इससे व्यवसायियों और आम जनता के बीच काफी भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। डीजीपी ने बताया कि विगत सात-आठ वर्षों से टेक्निकल रूप से निपुण यह अपराधी अन्य राज्यों (तेलंगाना, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, गुजरात और मध्यप्रदेश) में ठिकाना बना कर घटना को अंजाम दे रहा था।

### सीएम ने झारखंड भवन के निर्माण का निरीक्षण किया

# निर्माण कार्य में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं : हेमंत सोरेन

15 दिन में अधिकारियों और सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट देने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली/रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान वह मंगलवार को निर्माणाधीन झारखंड भवन को देखने के लिए पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन झारखंड भवन के सभी सात फ्लोर का निरीक्षण किया। कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल, मुख्यमंत्री कक्ष, गेस्ट रूम, गवर्नर सुइट समेत अन्य स्थलों को निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री निर्माण पर होनेवाले खर्च और कार्य से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने 15 दिन के अंदर अधिकारियों और सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

नयी दिल्ली में झारखंड भवन के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों, सलाहकार और कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गयी। वह इसके निर्माण में खर्च होने वाले बजट से अवगत हुए। मुख्यमंत्री बजट की राशि, निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने 15 दिनों के अंदर झारखंड भवन निर्माण को लेकर जिम्मेवार अधिकारियों और सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा। उन्होंने भवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और अतिथि की सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव करने निर्देश अधिकारियों को दिया।

गौरतलब है कि कोविड संक्रमण की वजह से काम पर रोक और तकनीकी चुनौतियों के कारण झारखंड भवन निर्माण कार्य में विलंब हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता अपनी पहचान स्थापित करे, ऐसा प्रयास होना चाहिए। इसके निर्माण कार्य में अगर किसी तरह की अनियमितता सामने आती है, तो जिम्मेदार व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा, भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार और अन्य उपस्थित थे।

## नये संसद भवन का उद्घाटन 30 मई को !

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नया संसद भवन इस महीने के अंत तक तैयार हो जायेगा। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भवन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके सिविल स्ट्रक्चर की सफाई शुरू हो गयी है। इसके उद्घाटन को लेकर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि 30 मई को उद्घाटन संभव है। नया संसद भवन चार मंजिला है और 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बना है। नयी बिल्डिंग में तीन दरवाजे हैं। इन्हें ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है। यहां सांसदों और दूसरे वीआइरी के लिए अलग एंट्री है। नया भवन पुराने संसद भवन से 17,000 वर्ग मीटर बड़ा है।




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,800 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# बेशर्मी की हर सीमा को तोड़ चुके हैं झारखंड के ये 'दीमक'

## ■ होटवार जेल में 'छवि के प्रेम' से बेनकाब हुआ इनका असली चरित्र

## ■ आखिर कितनी ताकत है ऐसे अफसरों और सत्ता के दलालों के पास

**आजाद सिपाही विशेष**

स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के तीन अंगों, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में से यदि कोई भी बेपटरी होने लगे, तो यह खतरनाक हो सकता है। राज्य के एक आइएएस अफसर छवि रंजन ने जेल में बंद होने के बावजूद जिस तरह सत्ता के दलाल प्रेम प्रकाश से मुलाकात की और जिस तरह की कहानियां सामने आ रही हैं, उससे साबित होता है कि इन लोगों ने बेशर्मी की हर सीमा को पार कर लिया है। इनके लिए न तो नियम-कायदे का कोई मतलब है और न सामाजिक मान-सम्मान की। होटवार जेल में बंद सत्ता के दलाल प्रेम प्रकाश ने जिस तरह का प्रभाव वहां जमा रखा है, उससे तो लगता है उनसने झारखंड के पूरे सिस्टम पर कब्जा कर लिया है। झारखंड के माथे पर भ्रष्टाचार के कलंक का टीका लगाने के बाद ऐसे अधिकारियों, सरकारी कर्मचारियों और सत्ता के दलालों का गठजोड़ अब यह साबित कर रहा है कि हर नियम-कायदे को उसने जूते की नोक पर रखा हुआ है। वह जेल के बाहर की दुनिया पर जिस तरह का नियंत्रण रखता है, उसी तरह जेल के भीतर भी रखता है। ऐसे तत्व जेल में बंद होने के बावजूद पार्टी करते हैं, एक-दूसरे से मिलते हैं और ठेका-टेंडर से लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग तक मैनेज करते हैं। होटवार जेल के भीतर पिछले दस दिनों में जो कुछ हुआ है, उससे तो यह सवाल उठने लगा है कि आखिर ऐसे तत्वों को इतनी ताकत आती कहां से है। क्या जेल के भीतर नियम-कायदे दम तोड़ चुके हैं। एक आइएएस अधिकारी को सत्ता के दलाल से मिलने की जरूरत क्यों पड़ी, यह गहन जांच का विषय हो सकता है। ऐसे तत्वों की मानसिकता को हल्के में लेना झारखंड के भविष्य के लिए खतरनाक हो सकता है। इस बेहद चर्चित और विवादित मुद्दे के विभिन्न पहलुओं को समेटते हुए इसका विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

आजाद भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जब नौकरशाही को लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था का फौलादी कवच करार दिया था, तब शायद उन्होंने यह नहीं सोचा था कि कभी यह कवच खुद को ही निगलने के रास्ते पर बढ़ चलेगा। भ्रष्टाचार के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार आइएएस अधिकारी छवि रंजन ने ठीक यही काम किया है। उन्होंने जेल के नियम-कायदों को ताक पर रख कर जिस तरह का आचरण किया है, उससे साफ हो जाता है कि उन्हें अपनी पहुंच पर पूरा भरोसा है कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा।

होटवार जेल के भीतर पिछले 10 दिन में जो कुछ हुआ है और प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने जो कहानियां दुनिया के सामने रखी हैं, उससे तो यही साबित होता है कि झारखंड का पूरा सिस्टम अब सड़ चुका है। स्वीडिश अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री प्रो गुन्नार मिर्डल ने 60 के दशक में सावधान किया था कि भारत की असली समस्या 'सॉफ्ट स्टेट (राजसत्ता का कमजोर होना) होना है। होटवार जेल से बाहर आनेवाली कहानियां ऐसा ही कुछ बयां करती हैं।

आज दुनिया जानती है कि झारखंड में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह पसर गया है। दरअसल यह स्थिति इस कारण हुई कि यहां शासन के तमाम अंगों ने अपना-अपना मूल फर्ज छोड़ दिया है। नौकरशाही के फौलादी ढांचे को प्रेम प्रकाश और विशाल चौधरी जैसे सत्ता के दलालों का जंग लग चुका है। इसलिए जब राज्य के एक आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को प्रेम प्रकाश के घर पर बैठ कर सरकारी फाइलें निबटाते हुए देखा जाता है या छवि रंजन को जेल के भीतर इस दलाल से चोरी-छिपे मिलते देखा जाता है, तो किसी को आश्चर्य नहीं होता है। इतना ही नहीं, जब पूजा सिंघल के नजदीकी सुमन सिंह के यहां से 19 करोड़ रुपये की नगदी बरामद होती है, तब भी झारखंड के सवा तीन करोड़ लोग केवल आंखें फाड़ कर उसकी तस्वीर मीडिया में देखते हैं। यही दुर्भाग्य झारखंड को हर दिन पीछे ले जा रहा है।





नौकरशाही की सर्वाधिक लोकप्रिय परिभाषाओं में मैक्स वेबर की परिभाषा को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इसमें कहा गया है कि नौकरशाही प्रशासन की ऐसी व्यवस्था है, जिसमें विशेषज्ञता, निष्पक्षता तथा मानवता का अभाव होता है। वर्तमान भारतीय व्यवस्था में यह परिभाषा अपवादों को छोड़ कर सटीक बैठती है। और जब छवि रंजन या पूजा सिंघल जैसे नौकरशाहों की तरफ से इस तरह की हरकत सार्वजनिक होती है, तब तो मैक्स वेबर की परिभाषा अक्षरशः सही साबित होती है।

कल्पना कीजिये कि एक शख्स, जिसने इस देश की सबसे कठिन प्रतियोगिता परीक्षा पास की हो और जिसने एक नहीं, कई जिले की प्रशासनिक व्यवस्था की कमान संभाल रखी हो, वह जेल के भीतर भी अपना बेशर्म खेल जारी रखे हुए है। उसके संरक्षण में सत्ता का एक दलाल जेल के भीतर क्रिकेट मैच का पास बांट रहा है। ये पास उसे किसने दिये। किसने जेल में पहुंचाया। ऐसा लगता है कि ये लोग उन दुर्दांत अपराधियों-माफिया तत्वों से अधिक खतरनाक हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे जेल के भीतर अपना साम्राज्य बना कर रखते हैं।

वास्तव में झारखंड में ऐसे भ्रष्ट अफसरों और सत्ता के दलालों की यह कहानी न पहली है और न अंतिम। करीब 23 साल पहले बनाये गये झारखंड राज्य को भष्टाचार के दानव ने ऐसा दबोचा है कि इसे खत्म करने की ताकत किसी में नहीं है, चाहे कोई सरकार हो या कोई भी राजनीतिक दल। इस दानव को ऐसे अधिकारियों, इंजीनियरों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं का चोला पहने माफिया तत्वों और कारोबारियों ने खूब पाला-पोसा। अब जब इनके काले कारनामे सामने आ रहे हैं, तो झारखंड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इतना ही नहीं, इन अधिकारियों और उनके परिजनों को भरोसा है कि इस कार्रवाई से कुछ नहीं होगा। जिस झारखंड में लोग भर पेट खाना खाने के लिए जद्दोजहद में जुटे रहते हैं, वहां अपने प्रभाव का इतना अश्लील प्रदर्शन हो सकता है, यह सोच से भी परे है।

यह सुन कर झुरझुरी पैदा होती है कि चाहे पूजा सिंघल और छवि रंजन जैसे अधिकारी हों या वीरेंद्र राम जैसे इंजीनियर, पंकज मिश्रा और दाहू यादव जैसे माफिया और प्रेम प्रकाश-विशाल चौधरी जैसे सत्ता के दलाल हों या विष्णु अग्रवाल-अमित अग्रवाल जैसे कारोबारी, झारखंड में किसी का कुछ नहीं बिगड़ता, क्योंकि हमारी व्यवस्था ऐसे लोगों को आज तक सजा नहीं दे पायी है। झारखंड में ऐसे दीमकों की सूची बहुत लंबी है।

कहा जाता है कि सपनों के टूटने का दर्द बहुत गहरा होता है और यह किसी भी समाज की व्यवस्था के लिए घातक होता है। करीब 23 साल का झारखंड आज अपने सफर के इसी मोड़ पर खड़ा है, जहां उसके पास केवल टूटे हुए सपने हैं और उन सपनों को सहेज कर फिर से उन्हें रंगीन बनाने की चुनौती वर्तमान सरकार के सामने है। कहा जाता है कि गलत क्या है, इसे जानने से कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन गलत को सही करने से फर्क पड़ता है। झारखंड के पास संसाधन है, इच्छाशक्ति है और वह बहुत आगे जा सकता है। अब इस युवा झारखंड की आंखों में नये सपने उभरने लगे हैं, जिनमें रंग भरना और उन्हें हकीकत में बदलना बड़ी चुनौती है। अब झारखंड के लिए यह तय करने का समय आ गया है कि उसे ऐसे अधिकारियों, सत्ता के दलालों, माफिया तत्वों और कारोबारियों की जरूरत है या नहीं, जिन्हें हर वह सुविधा दी जाती है, जिसके लिए आम झारखंडी तरसता है। ऐसे भ्रष्ट अफसरों को पोसने की नहीं, बर्खास्त करने की जरूरत है।


# दलाल प्रेम प्रकाश को गॉड फादर मानते थे आधा दर्जन से ज्यादा आइएएस-आइपीएस: बाबूलाल

### कहा-थोड़ा इंतजार करिये, सब के चहरे सामने आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होटवार जेल में आइएएस छवि रंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की मुलाकात मामले को लेकर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। ट्विट करते हुए बाबूलाल ने कहा है कि इडी कैदी पंकज मिश्रा रिम्स से सरकार चलाता था।

रात के अंधेरे में कई अधिकारी उससे मिलने जाते थे। अब इडी कैदी प्रेम प्रकाश और छवि रंजन ने आपस में मिलने के लिए जेल मैनुअल की ऐसी-तैसी कर दी। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री को यह सब पता ही नहीं होता। बाबूलाल ने कहा कि अगर हेमंत सोरेन ने प्रेम प्रकाश की पसंद और पहले से ही आपराधिक मामले में लिप्त आइएएस छवि रंजन को रांची का डीसी नहीं बनाया होता, तो न जमीन लूट होती और न ही उन्हें आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। मुख्यमंत्री पता करें, छवि रंजन अकेले नहीं है।



राज्य के आधा दर्जन से ज्यादा आइएएस-आइपीएस दलाल प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल को झारखंड का गॉड फादर मानते थे। ऐसे अफसरों के दिन की शुरुआत ही प्रेम प्रकाश की जी हुजूरी करने के साथ होती थी। ऐसे अफसरों की नजरों में मुख्यमंत्री से ज्यादा दलालों की अहमियत थी। हेमंत सरकार ने सत्ता चलाने का जिम्मा इन दलालों और बेइमानों के हवाले कर दिया था। थोड़ा और इंतजार करिये, सबके चेहरे सामने आयेंगे।

### जेल में छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की मुलाकात का मामला

# दोषी अधिकारियों को सरकार बर्खास्त करे : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सपिाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारियों, दलालों और भ्रष्ट राजनेताओं की इतनी गहरी पैठ बन गयी है कि इसे तोड़ पाना बहुत मुश्किल होता जा रही है। उन्होंने कहा कि जेल मैन्युअल के नियम को तोड़ कर बेखौफ होकर ड्यूटी में तैनात जेल अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त, अधिकारी और लुटेरे दलाल को एक दूसरे से मिलवा रहे हैं। प्रसाद ने झारखंड सरकार से मांग करते हुए कहा कि दोषी अधिकारियों को तुरंत बर्खास्त करें। उन्होंने कहा कि राज्य को दलालों, भ्रष्टाचारियों से मुक्ति मिले, सरकार यह सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि राज्य में जमीन लुटेरों और भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। इसे देख कर आज हर झारखंडी शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। प्रसाद ने कहा कि जमीन लूट के खिलाफ शिबू सोरेन ने आंदोलन किया था, इस बात का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खयाल रखना चाहिए।



### कार्यक्रम : सर संघचालक लोहरदगा में आयोजित शिक्षा वर्ग में हुए शामिल

# संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत का झारखंड प्रवास शुरू

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन मधुकर भागवत का तीन दिन का झारखंड प्रवास शुरू हो गया है। वह मंगलवार को रांची होते हुए दोपहर करीब ढाई बजे स्थानीय शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर पहुंचे।

वह 18 मई तक यहीं रुकेंगे। उनके आगमन के पहले दिन द्वितीय वर्ष के शिक्षार्थियों द्वारा संघ शाखा में सर संघचालक को प्रणाम अर्पित किया गया। सर संघ चालक ने गत 13 मई से चल रहे संघ शिक्षा वर्ग में उन्होंने भाग लिया। संघ शिक्षा द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों को डॉ मोहन भागवत मार्गदर्शन देंगे। ज्ञात हो कि शीला अग्रवाल विद्या मंदिर में संघ शिक्षा प्रथम वर्ष सामान्य, मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संघ शिक्षा द्वितीय वर्ष और सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में घोष वर्ग का प्रशिक्षण गत 13 मई से आयोजित है। उल्लेखनीय है कि, उपरोक्त तीन वर्गों में बिहार और झारखंड के लगभग पांच सौ स्वयंसेवक प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण में संघ के कई पदाधिकारियों का मार्गदर्शन शिक्षार्थियों को मिलेगा।



### स्वयंसेवकों में उत्साह

संघ प्रमुख मोहन भागवत की यह यात्रा कई मायनों में अहम है। स्वयंसेवक उत्साहित हैं कि इस कार्यक्रम के जरिये उन्हें संघ प्रमुख मोहन भागवत को सुनने और नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। लोहरदगा प्रवास के दौरान उनके द्वारा संघ के तौर-तरीकों की और बेहतरीन जानकारी दी जायेगी।

### सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रथम वर्ष के लिए करीब 388 स्वयंसेवक शामिल हैं, वहीं द्वितीय वर्ष में एक सौ से अधिक स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। साथ ही घोष वर्ग में लगभग 80 स्वयंसेवकों के हिस्सा लेने की चर्चा है। यह वर्ग करीब 20 दिवसीय होगा, जिसका समापन दो जून को होना है। आरएसएस प्रमुख के लोहरदगा में रहने के दौरान जिला प्रशासन के लिए सुरक्षा व्यवस्था एक बड़ी चुनौती होगी। इसे लेकर लोहरदगा पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत दुबारा रांची आयेंगे और शुक्ला कॉलोनी स्थित अपने परिचित के यहां रुकेंगे। झारखंड और बिहार के स्वयंसेवकों के लिए द्वितीय वर्ष का सामान्य वर्ग 20 मई से बिहार के राजगीर में आयोजित हो रहा है।

**हेडगेवार की प्रतिमा का अनावरण 19 को**

**डॉ भागवत 19 मई को मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय परिसर में हेडगेवार जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद वह रांची जायेंगे।**

# हाइकोर्ट में राहुल गांधी के मामले में फैसला सुरक्षित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है। अमित शाह पर की गयी राहुल गाधी की टिप्पणी के मामले में यह सुनवाई चल रही थी। सुनवाई पूरी होने के बाद हाइकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस अंबुजनाथ की कोर्ट में मंगलवार को बहस पूरी हुई। हाइकोर्ट ने दोनों पक्षों को बुधवार तक दलीलों का सारांश दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

**क्या थी अमित शाह पर राहुल गांधी की टिप्पणी :**

यह मामला साल 2018 का है। झारखंड के चाइबासा में कांग्रेस पार्टी की सभा के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा नेता और तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी की थी। सभा में राहुल गांधी ने कहा था, एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं।

बीजेपी नेता नवीन झा ने रांची की निचली अदालत में इस मामले में केस दर्ज कराया था। चाइबासा में भी एक मामला दर्ज कराया गया था। फिलहाल दोनों ही मामले हाइकोर्ट में लंबित हैं।

## तैयारी : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

# केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक ले जायेगी भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की मंगलवार को हुई बैठक में पार्टी ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे करने पर राज्यव्यापी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायी है। रांची के सरला बिरला स्कूल में आयोजित एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने की। कार्यसमिति की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर राज्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला खड़ी की जायेगी। 30 मई को मोदी सरकार के कार्यकाल का नौ साल पूरा हो रहा है। इसको लेकर भाजपा 30 मई से 30 जून तक राज्य में कार्यक्रम आयोजित कर जनता के बीच पहुंचेगी।

कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर सफल बनाने के लिए जल्द ही जिला और मंडल कार्यसमिति की भी बैठक होगी। इसके जरिये ना सिर्फ केंद्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचायेगी, बल्कि लोगों के बीच पैठ भी बढ़ायेगी। दीपक प्रकाश के मुताबिक महीने भर के विशेष जनसंपर्क अभियान के लिए 30 मई तक संगठनात्मक संरचनाओं से जुड़ी इकाइयों के साथ बैठक होगी। जिला और मंडल स्तर पर भी कार्यसमिति की बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय होगी। 29 मई को किसी केंद्रीय मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। 30-31 मई को पीएम मोदी जनसभा के जरिये विभिन्न कार्यक्रमों की लॉन्चिंग करेंगे। 1-22 जून तक संपर्क से समर्थन अभियान चलेगा। मिस्ड कॉल के जरिये भी समर्थन लोगों से लेंगे। 2-3 जून को विकास तीर्थ यात्रा होगी। इसी तरह 4 जून से 30 जून तक निर्धारित कार्यक्रमों के जरिये केंद्र की योजनाओं की जानकारी जन-जन को दी जायेगी। व्यापारियों, लाभार्थियों का सम्मेलन होगा। राज्य सरकार की नाकामियों को भी जनता के सामने रखा जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता रघुवर दास, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों को संबोधित किया।



### प्रधानमंत्री के प्रति देश की जनता का विश्वास हुआ और मजबूत: सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जनता का देश की रक्षा और विकास के लिए नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि महासंपर्क अभियान को को सिर्फ अभियान की तरह नहीं बल्कि भारत माता की सेवा मानकर सफल बनायें।

### कांग्रेस सहित यूपीए गठबंधन की सरकारों ने सच्चाई पर हमेशा पर्दा डाला: बाबूलाल मरांडी

नेता विधायक दल और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज देश में कश्मीर फाइल और केरला स्टोरी यदि पर्दे पर दिखायी जा रही है, तो यह नरेंद्र मोदी सरकार के कारण ही संभव है। अन्यथा कांग्रेस सहित यूपीए गठबंधन की सरकारें तो सच्चाई पर हमेशा पर्दा डालती रही है। कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास की पर्याय है। कहा कि महासंपर्क अभियान में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ राज्य की भ्रष्ट निकम्मी सरकार की लूट और झूठ, भ्रष्टाचार को भी उजागर करें।

### केंद्र सरकार के 9 वर्ष आदिवासी, दलित और पिछड़े समाज के उत्थान का वर्ष है: अर्जुन मुंडा

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार के 9वर्ष आदिवासी, दलित और पिछड़े समाज के उत्थान का वर्ष है। यह समाज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की मुख्यधारा में तेजी से जुड़ा है। लोक कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने की दिशा में सार्थक प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है।

### तय किये गये कार्यक्रम

- 29 मई को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में किसी एक केंद्रीय मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।
- 30 और 31 मई को पीएम नरेंद्र मोदी जनसभा के जरिये कार्यक्रम लॉन्च करेंगे।
- 1 से 22 जून तक संपर्क से समर्थन अभियान चलाया जायेगा।
- 2 और 3 जून को विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन होगा।
- 4 जून को भाजपा के सोशल मीडिया ग्रुप का सार्वजनिक स्थलों पर मीट होगा।
- 5 और 6 जून को लोकसभा स्तर पर लाभार्थियों का सम्मेलन होगा।
- 7 और 8 जून को भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा। पार्टी के कार्यकर्ता उनके अनुभव सुनेंगे।
- 10 और 11 जून को लोकसभा स्तर पर विशाल जनसभा होगी।
- 12-13 और 14 जून को पार्टी के सभी सात मोर्चों का विधानसभा स्तर पर सम्मेलन होगा।
- 15 जून को सभी लोकसभा क्षेत्रों में प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।
- 16 और 17 जून को व्यापारियों का लोकसभा और विधानसभा स्तर पर सम्मेलन होगा।
- 19 और 20 जून को केंद्र सरकार के लाभार्थियों का विधानसभा स्तर पर सम्मेलन होगा।
- 20 से 30 जून तक कार्यकर्ता हर बूथ में जाकर पीएम मोदी और केंद्र सरकार की उपलब्धियों का पर्चा घर-घर बाटेंगे।
- 21 जून को विधानसभा स्तर पर योग दिवस मनाया जायेगा।
- 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर मनाया जायेगा।
- 25 जून को आपातकाल विरोधी दिवस पर प्रबुद्ध जनों का सम्मेलन होगा।







देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com




### होटवार जेल के अधीक्षक से इडी करेगी पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर अब इडी की रडार पर आ गये हैं। विशेष अदालत के सीसीटीवी फुटेज सौंपने के आदेश के बावजूद वह पिछले साल दिसंबर से इडी के समन की अवहेलना कर रहे थे। इडी ने उन्हें जेल में बंद वीआइपी बंदियों को अतिरिक्त सुविधा देने के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक अख्तर का नाम अब एक सीसीटीवी फुटेज की जब्ती के बाद इडी द्वारा दायर की जानेवाली चार्जशीट में शामिल होगा। उस फुटेज में जेल में बंद सत्ता के दलाल प्रेम प्रकाश को 5 मई को शाम को निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन के सेल में जाते हुए देखा गया है। इडी ने सोमवार को पीएमएलए अदालत से अनुमति मिलने के बाद जेल में छापा मारा था और सीसीटीवी फुटेज को जब्त कर लिया था। अब इडी अख्तर को फिर से तलब करेगी। पिछले साल 5 दिसंबर को भी उनसे पूछताछ की गयी थी, लेकिन बाद में उन्होंने समन का उल्लंघन किया। इडी सूत्रों का कहना है कि उसे इस बात की पुख्ता जानकारी थी कि जेल अधिकारियों ने छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की बैठक आयोजित की थी, ताकि वे मामले को दबाने और सबूतों को नष्ट करने की साजिश रचें। इडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीएमएलए कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि जो कोई भी प्रत्यक्ष या परोक्ष्र रूप से ऐसी साजिश में शामिल होने का प्रयास करता है, उसे मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी बनाया जा सकता है। दरअसल, हामिद अख्तर मार्च में पीएमएलए कोर्ट के आदेश के बावजूद सीसीटीवी फुटेज देने से इनकार करने के बाद से इडी के निशाने पर हैं। वह मार्च में इडी के समन को धता बताते हुए पेश नहीं हुए थे। उस समय उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय में लंबित एक याचिका का हवाला दिया था। उन पर मनरेगा घोटाले और जेल में बंद मनी लांड्रिंग के मामलों के आरोपियों को विशेष सुविधाएं देने का आरोप था।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# हज यात्रियों की कोलकाता जाने की व्यवस्था सरकार करे : बंधु

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हज यात्रा 2023 में झारखंड के विविध जिलों से जानेवाले 2423 हज यात्रियों को इस बार रांची से कोलकाता होते हुए मदीना जाना होगा। सीधी विमान सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें सबसे पहले कोलकाता जाना होगा और वहां से विमान सेवा उपलब्ध होगी। इसके कारण हज यात्रियों को अतिरिक्त खर्च और अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

इस संदर्भ में समन्वय समिति के सदस्य और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सरकार से मांग की है कि पवित्र हज यात्रा के लिए मदीना जानेवाले यात्रियों को

अतिरिक्त आर्थिक बोझ देना न्यायसंगत नहीं है। हज यात्रियों को रांची से कोलकाता जाने के लिए सरकारी स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि अधिकांश हाजी आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं। इसके अलावा महिलाओं की संख्या भी अच्छी-खासी है और बुजुर्गों की शारीरिक स्थिति भी कमजोर है। इसलिए उनकी आर्थिक और शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें रांची से कोलकाता जाने के लिए सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी चाहिए, ताकि वहां से सीधे विमान से मदीना जा सकें।

# ब्रह्मभोज में शामिल हुए पांच परगना सुंडी संघ के सदस्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को पांच परगना सुंडी संघ के सदस्य और संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहू तमाड़ बुंडू निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी, समाजसेवी स्व अंबिका प्रसाद साहू के ब्रह्मभोज में शामिल हुए। पांच परगना सुंडी संघ के सक्रिय पदाधिकारी ने स्व अंबिका साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बीरेंद्र साहू ने कहा कि पांच परगना क्षेत्र में सामाजिक प्रतिष्ठा के धनी स्व अंबिका प्रसाद साहू को उनकी सामाजिक पहचान, सकारात्मक सहयोग को क्षेत्र का सर्व समाज हमेशा याद रखेगा। इस मौके पर अजीत साहू, राजन साहू, उपेन साहू, कृष्ण मुरारी साहू, अविनाश साहू, संजय साहू, दीपक प्रसाद, मनोज कुमार साहू, बलराम साहू, संतोष साहू सहित कई अन्य मौजूद थे।

# श्री श्याम मंदिर में 50वां श्री सुंदरकांड पाठ हुआ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 50 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना, गुड़ फल का प्रसाद अर्पित किया। नारनौली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकओं का चंदन-वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ साज बाज के धुन के बीच श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। बता दें कि प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ व प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरीया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू, अनिल नारनौली, श्याम सुंदर जोशी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## शनिवार को 63वां श्री श्याम भंडारा

श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा शनिवार 20 मई को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 63 वा श्री श्याम भंडारा होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों को भंडारे में आमंत्रित किया है।

## झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने भेज दी है अनुशंसा

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 मई को पंचायत सचिवों को देंगे नियुक्ति पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सालों से नियुक्ति की बाट जोह रहे पंचायत सचिव पद के लिए चयनीत उम्मीदवारों का दिन अब बहुरनेवाला है। पंचायती राज विभाग उनकी नियुक्ति की अनुशंसा भेज दी है। विभाग के उप निदेशक संदीप दुबे ने सभी जिले के उपायुक्तों को पत्र भेजा है। यह पत्र 1633 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति से संबंधित है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से विभाग को भेजी गयी अनुशंसा के आलोक में यह पत्र लिखा गया है।

## 22 मई तक पूरा करें डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

पंचायती राज विभाग ने 1633 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति से संबंधित निर्देश जारी किया है। पूर्व में जिन उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है, उनसे जिला का प्रेफरेंस मांगा गया। अभी भी कुछ उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन चल रहा है। ऐसे में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच 22 मई के पहले पूरा कर लेने को कहा गया है। यह भी बताया गया है कि 24 मई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन चयनीत 1633 पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र देंगे।

## 19 मई को हाइस्कूल के शिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

19 मई को हाइस्कूल शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र सौंपा जायेगा। ऐसे नवनियुक्त शिक्षकों की संख्या तीन हजार के करीब है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य के गैर अनुसूचित जिलों में हाइस्कूल शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इन नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार होगा, जब नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र के साथ ही प्रशिक्षण दिया जायेगा।

**जिलावार की गयी अनुशंसा**

| | |
|---|---|
| गढ़वा में | 74 |
| पलामू में | 107 |
| लातेहार में | 29 |
| चतरा में | 62 |
| हजारीबाग में | 117 |
| कोडरमा में | 53 |
| गिरिडीह में | 121 |
| देवघर में | 52 |
| गोड्डा में | 80 |
| साहिबगंज में | 58 |
| पाकुड़ में | 34 |
| दुमका में | 72 |
| जामताड़ा में | 39 |
| धनबाद में | 89 |
| बोकारो में | 152 |
| रामगढ़ में | 94 |
| लोहरदगा में | 25 |
| गुमला में | 34 |
| रांची में | 81 |
| सिमडेगा में | 22 |
| पश्चिमी सिंहभूम में | 82 |
| सरायकेला-खरसावां में | 47 |
| पूर्वी सिंहभूम में | 109 |

# विविधता में एकता हमारी शक्तिः राज्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में विभिन्न जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग सौहार्द्रपूर्वक रहते हैं। उनकी भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज इत्यादि अलग-अलग है, फिर भी हम सभी एक हैं। यही विविधता में एकता हमारी शक्ति और प्रगति की आधारशिला रही है। राज्यपाल मंगलवार को सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज भवन में आयोजित सिक्किम राज्य स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने सिक्किम के निवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। राज्यपाल ने झारखंड में निवास कर रहे सिक्किम के लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सिक्किम ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में यह राज्य अग्रणी रहा है। साथ ही इस राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश का जैविक कृषि के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय प्रयास ने पूरे विश्वपटल पर अमिट पहचान स्थापित की है। जैविक कृषि की दिशा में राज्य के द्वारा किये गए कार्य अत्यंत ही प्रशंसनीय है।

जो देश के बाकी हिस्सों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने स्वागत भाषण किया। सिक्किम की बीआईटी मेसरा में अध्ययनरत छात्रा प्रशांति शर्मा एवं जैप-1 में कार्यरत राजेश शर्मा ने राज्यपाल का आभार प्रकट किया।

# सीआइपी का स्थापना दिवस आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय मनःचिकित्सा संस्थान, रांची में 17 मई को 106वां स्थापना दिवस और एलुमनाई मीट का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ एके सिन्हा के स्वागत से होगा। इसके तत्पश्चात एक सीएमइ का आयोजन किया जायेगा, जिसका शीर्षक है ग्लोबलाइजेशन और मानसिक स्वास्थ्य। इसमें मुख्य वक्ता डॉ एसके मुंडा, डॉ निखिल नय्यर और मालविका होंगे। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से करीब 150 मानसिक रोग प्रोफेशनल शामिल होंगे तथा बेहतरीन प्रदर्शन करनेवाले रेजिडेंट डाक्टर, छात्र, कर्मचारी और अधिकारी को प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। इस उपलक्ष पर मरीजों और प्रशिक्षुओं के द्वारा स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# बंद कार में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के पुंदाग ओपी इलाके के जवाहर नगर के रोड संख्या 5 में एक कार से युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान अरगोड़ा के रहनेवाले जय कर्मकार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने कार में शव को देखने के बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दी। दम घुटने से युवक की मौत होने की आशंका जतायी जा रही है। वहीं मृतक के शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं है, मौत की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल पायेगी। बता दें कि जय कैब ड्राइवर था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सोमवार रात (15 मई) से ही जवाहर नगर के रोड संख्या 5 में सफेद रंग की गाड़ी खड़ी थी। सुबह में भी कार उसी जगह पर खड़ी थी। लोगों को आशंका हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### टेंडर हार्ट के अंशु को नेशनल कराटे में गोल्ड



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट के छात्र अंशु मिश्रा ने ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 13 और 14 मई को खेलगांव रांची में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में पूरे देशभर के प्रतिभागी शामिल हुए थे, जिसमें से अंडर 18 ग्रुप में अंशु को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा ने अंशु की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### करमा उरांव को दी गयी श्रद्धांजलि




रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय (टीआरएल) में समन्वयक डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में मंगलवार को शोकसभा कर टीआरएल के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ करमा उरांव को श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर डॉ हरि उरांव ने डॉ करमा उरांव के जीवन संघर्ष के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ करमा ने बगैर कोई भेदभाव के झारखंडी समाज का हमेशा नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि बिशनपुर जैसे सुदूर गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ कर रांची विश्वविद्यालय में अध्यापन को आये थे। इसके कारण से वह जमीन से जुड़े व्यक्ति थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। एक ऐसे शिक्षाविद, प्राध्यापक और चिंतक थे, जो सदैव रांची विश्वविद्यालय के हित के लिए प्रयत्नशील रहते थे। टीआरएल संकाय के अन्य शिक्षकों ने भी अपनी-अपनी बातें रखीं और डॉ करमा उरांव के साथ बिताये पलों को साझा किया। इसमें मुख्य रूप से डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ मेरी एस सोरेंग, कुमारी शशि, डॉ महेश्वर सारंगी, मनय मुंडा, डॉ किशोर सुरीन, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, तारकेश्वर सिंह मुंडा, वीरेंद्र उरांव, प्रेम मुर्मू, राजकुमार बास्के, डॉ वीरेंद्र कुमार सोय ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये. इस अवसर पर संकाय के प्राध्यापक, कर्मचारी, शोधार्थी और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### डीएसपीएमयू में सिंडिकेट की 14वीं बैठक में पूर्व के प्रस्तावों पर मुहर लगी



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट की 14वीं बैठक आयोजित की गयी। इसके तहत कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निम्न एजेंडों को अपनी सहमति प्रदान की। इसके तहत गत 17 अप्रैल 2023 को संपन्न 13वीं सिंडिकेट की बैठक में प्रस्तुत एजेंडों की संपुष्टि की गयी। इसके अलावा सिंडिकेट की बैठक में झारखंड पात्रता परीक्षा के संचालन रेगुलेशन से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति और सहमति प्राप्त हुई। उसके उपरांत इसे आगे की कार्यवाही के लिए उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग को भेजा जायेगा। इस बैठक में शिक्षकों से संबंधित विधान समिति के गठन से संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। सिंडिकेट की इस बैठक में क्रय समिति की पूर्व की कई बैठकों में लिये गये विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गयी और अनुमोदन किया गया। इसके अलावा इस बैठक में गत 23 अगस्त 2022 और 24 सितंबर 2022 को संपन्न फाइनेंस कमिटी के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डॉ कुनुल कांदिर, वित्त पदाधिकारी आनंद कुमार मिश्रा, डॉ एसएम अब्बास, डॉ पंकज कुमार, डॉ सर्वोत्तम कुमार और डॉ रेखा झा शामिल थे।

### लिटिल विंग्स स्कूल में आधार कार्ड कैंप




रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में 16 मई को आधार कार्ड का कैंप लगाया गया। बच्चों के आधार कार्ड बनवाने या अपडेट करवाने में अभिभावकों को काफी परेशानी हो रही थी। काफी दिनों के प्रयास के बाद भी वे बच्चों के आधार कार्ड स्कूल में जमा नहीं कर पा रहे थे। उनकी इन्हीं परेशानियों को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन की ओर से परिसर में ही आधार कार्ड का कैंप लगवाया गया। अभिभावकों ने भी इस सुविधा के मिलने से काफी राहत महसूस की।

### 28 मई को निःशुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर

रांची (आजाद सिपाही)। भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची एवं रोटरी क्लब, जयपुर मेजेस्टी के संयुक्त तत्वावधान में 28 मई रविवार, प्रातः 9.30 बजे से निःशुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देशन एवं देखरेख में महावीर भवन, भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल के नजदीक, बूटी रोड, रांची में लगाया जायेगा। इसमें कोहनी से नीचे कटे हाथ (कम से कम 4 इंच का हिस्सा लगा हो) वाले महिलाओं - पुरुषों एवं बच्चों को एलन मीडोज प्रॉस्थेटिक हेंड्स फाउडेशन, अमेरिका द्वारा निर्मित हाथ लगाये जायेंगे। भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिचर्स सेंटर, रांची के अध्यक्ष पूरनमल जैन सेठी के अनुसार इसका वजन 400 ग्राम है। यह हाथ लगाने एवं निकालने में सहज, टिकाऊ एवं उपयोगी है। इसे लगाकर साईकिल चलाना, लिखना, पढना एवं अन्य घरेलू कार्य किये जा सकते हैं। इस शिविर में रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरतमंद व्यक्ति मोबाइल नंबर 9110141366 या 9771473820 पर संपर्क कर सकते हैं।

# डॉ करमा उरांव को याद कर भावुक हुआ रांची विश्वविद्यालय परिवार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्व करमा उरांव की याद में शोकसभा आयोजित की गयी। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखा। बता दें कि बीते 14 मई को रांची विश्वविद्यालय के शिक्षाविद् प्रो डॉ करमा उरांव का निधन हो गया था। इस शोकसभा में रांची विश्वविद्यालय के सभी विभागों के हेड, संकायाध्यक्ष, प्राध्यापक, वरीय पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए और सभी ने डॉ करमा उरांव को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोकसभा के बाद रांची विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के कार्य बंद कर दिये गये। कुलसचिव आरयू डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने डॉ करमा उरांव की जीवनी और रांची विश्वविद्यालय में उनके योगदान की यात्रा के बारे में बताया। कुलसचिव ने बताया कि 1978 में राम लखन सिंह यादव कॉलेज से रांची विश्वविद्यालय में अध्यापन शुरू करने से लेकर 2017 में अपनी सेवानिवृत्ति तक उन्होंने रांची विश्वविद्यालय और झारखंड के लिए जो कार्य किये, वह अप्रतीम है। वह रांची विश्वविद्यालय में उपाचार्य, विश्वविद्यालय प्राचार्य, मानवशास्त्र विभागाध्यक्ष, समाज विज्ञान विभाग के संकायाध्यक्ष, एकीकृत बिहार में बिहार लोकसेवा आयोग पटना के सदस्य जैसे पदों पर रहे। वहीं कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका जाना रांची विश्वविद्यालय ही नहीं झारखंड के लिए भी बहुत बड़ी क्षति है। खराब स्वास्थ्य के बाद भी वह काम के प्रति बहुत ज्यादा समर्पित रहते थे। उनमें बेहतरीन नेतृत्व क्षमता थी। उन्होंने 25 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेशों में जाकर झारखंड और देश का प्रतिनिधित्व किया। झारखंड को पहचान दिलायी। पूर्व विधानसभाध्यक्ष प्रो डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैने उनके अंदर ही पीएचडी की और उनके साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। उनके अंदर संयम और धीरज इतना था कि वह किसी भी विकट परिस्थिति से आसानी से पार पा जाते थे। उनका मार्गदर्शन हम सबों के लिए सदैव काम आता रहेगा। इस शोकसभा में कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रतिकुलपति डॉ अरुण कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, एफए डॉ देवाशीष गोस्वामी, सीसीडीसी डॉ पीके झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, एफओ डॉ कुमार आदित्यनाथ शाहदेव, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह और रांची विश्वविद्यालय के सभी विभगों के हेड, डीन, प्राध्यापक, अन्य वरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## सेल रिफ्रैक्ट्रीज यूनिट रांची रोड का दो वर्षों का टेंडर अधूरा छोड़ गया संवेदक

# मामले की हो रही जांच, जल्द करेंगे कार्रवाई: सेल अधिकारी

**10 मई से बगैर संवेदक चल रहा है सेल यूनिट में काम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** रांची रोड स्थित सेल रिफैक्ट्रीज यूनिट में जॉब कांटेक्ट और लेबर सप्लाई करने वाली कंपनी ने समय से पहले हाथ खड़े कर लिए हैं। जिसके कारण सेल में कार्यरत मजदूरों का कागजी प्रक्रिया में समस्या उत्पन्न हो गई है। संवेदक ने कंपनी को नोटिस देकर काम करने में अक्षमता बताई है। जिसके कारण कई तरह की परेशानी सामने आ रही है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार सेल रिफैक्ट्रीज यूनिटी रांची रोड में कार्यरत मजदूरों के लिए जॉब कॉन्ट्रैक्ट और लेबर सप्लाई के लिए टेंडर की प्रक्रिया होती है। प्रक्रिया के तहत किसी भी ठेका कंपनी को काम करने की जिम्मेवारी दो वर्षों के लिए मिलती है। इसी के तहत संतोष एसोसिएट ठेका कंपनी ने शेल रिफैक्ट्रीज यूनिट रांची रोड में टेंडर के माध्यम से काम करने की जिम्मेवारी ली। लेकिन किसी कारणवश संतोष एसोसिएट के संचालक संतोष कुमार ने दो वर्षों से पहले ही काम नहीं करने के लिए हाथ खड़ा कर दिया। सेल से जुड़े एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि संतोष एसोसिएट के संचालक संतोष कुमार ने 10 मई को सेल यूनिट प्रबंधन को नोटिस देकर आगे काम नहीं करने की बात बोल कर यूनिट छोड़कर चला गया। जिसके बाद सेल यूनिट के अधिकारी एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई निर्णय पर नहीं पहुंच पायी है। जिसके कारण सेल यूनिट में कार्यरत मजदूरों को कागजी प्रक्रिया पूरी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि कार्यरत मजदूरों का कागजी प्रक्रिया पूरा करने का पूरा जिम्मेवारी ठेका कंपनी की होती है।

### कंपनी समय अवधि से पहले काम छोड़ती है तो क्या है नियम

सेल से जुड़े एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कोई भी ठेका कंपनी समय अवधि से पहले काम छोड़ देता है तो उस स्थिति में कंपनी को आरपीएन टेंडर करानी पड़ती है। जिसके तहत टेंडर में भाग लेने वाले ठेका कंपनी अगर बढ़े दर पर काम लेती है तो बढ़ा हुआ पैसा सेल कंपनी काम छोड़ने वाली ठेका कंपनी से वसूल करेगी। हालांकि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी काम छोड़ने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने की प्रक्रिया नहीं हो पायी है। जिसके कारण प्रबंधन पर सवाल उठने लगा है। आखिर क्या कारण है कि संबंधित ठेका कंपनी पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### क्या बोले अधिकारी

सेल रिफैक्ट्रीज यूनिट रांची रोड के अधिकारी एके सिन्हा ने बताया कि काम छोड़ने वाली ठेका कंपनी पर विचार की जा रही है। हमलोग कंपनी के संपर्क में है। बात नहीं बनती है तो आगे की कार्रवाई बहुत जल्द की जायेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं अभी बाहर हूं। थोड़ी देर बाद आपसे बात करता हूं।

# निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की बिगड़ी तबीयत, रिम्स में भर्ती

## जांच के बाद पेइंग वार्ड में भर्ती कराया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को मंगलवार देर शाम रिम्स में भर्ती कराया गया है। सिर दर्द, चक्कर आने सहित अन्य परेशानियों की शिकायत के बाद उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से रिम्स में भर्ती कराया गया है। रिम्स के अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरूआ ने बताया कि पूजा सिंघल को फिलहाल न्यूरोलॉजी विभाग के डॉ सुरेंद्र की देखरेख में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि मॉनिटरिंग के बाद पूजा सिंघल को पेइंग वार्ड में भर्ती कराया गया है। डॉ सुरेंद्र ने बताया कि बुधवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकेगा। बता दें कि इससे पहले पूजा सिंघल को सितंबर महीने में सीने में दर्द की शिकायत के साथ रिम्स में भर्ती कराया गया था। वहीं दिसंबर महीने में सिर दर्द की शिकायत के बाद उन्हें भर्ती किया गया था। दिसंबर में इलाज के दौरान मनोचिकित्सकों से भी राय ली गयी थी।

## 51 अस्थाई अमृतधारा प्याऊ का उद्घाटन




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में भीषण गर्मी को देखते हुए रांची के सामाजिक संस्था मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने मंगलवार को रांची के मारवाड़ी भवन में 51 अस्थाई अमृतधारा प्याऊ का उद्घाटन किया। इसे शहर के विभिन्न जगहों पर आम लोगों के लिए लगाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया एवं सचिव कौशल राजगढ़िया ने किया। मंच के अध्यक्ष युवा अमित चौधरी ने कहा कि रांची में जिस प्रकार से गर्मी की तपिश बढ़ गई है। उसको देखते हुए शहर के अलग - अलग जगहों पर सदस्यों के प्रतिष्ठान एवं घरो के बाहर 2 दो मटकी का घड़ा उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र तोसावर एवं शैंकी रायका ने बताया कि मटके में पानी ठंडा रहता है जिससे वह आने जाने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल प्राप्त हो सके। इस कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष राहुल मारु, दीपक गोयनका, मनीष लोधा, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, रोहित सरावगी, सचिव विकास गोयल, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, सह सचिव सन्नी टिबडेवाल, सन्नी केडिया, अभिषेक जालान, अखिल टिकमानी, अमित तोसावर, विशाल शर्मा गौरव विजय, सुदीप राजगढ़िया, अमर हेतमसरिया, उमंग सुल्तानिया, सौरव बजाज, चेतन पोद्दार, स्पर्श चौधरी, अरुण पोद्दार, राजेश अग्रवाल, राघव जालान ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## रेलवे ने रास्ता बंद किया, विरोध में एक घंटे पुरुलिया रोड जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



रांची। नामकुम थाना क्षेत्र के मुड़ा गढ़ा एवं राधा कृष्ण मंदिर कॉलोनी के लोग जहां आना जाना करते हैं। रेलवे के द्वारा उस रास्ते को भी बंद किया जा रहा है। जिसकी सूचना मिलते ही विरोध में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने रांची- पुरुलिया सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने शाम 5-6 बजे तक सड़क जाम रखा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जाम की सूचना पर स्थानीय नामकुम थाना पुलिस एवं रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे के द्वारा फिलहाल पॉकेट रास्ता देने पर सहमति बनी। उन्होंने डीआरएम से मिलकर सामाधान के लिए बात करने को कहा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 30 से 35 वर्षों से इसी रास्ते से आना जाना करते हैं। कई बार अंडर पास को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया गया, परंतु कार्य नहीं हुआ। बताया बरसात के दिनों में छोटा पुल के उपर से पानी बहने की वजह से लगभग 500 घर टापू बन जाते हैं। कहा आगे समस्या का सामाधान नहीं हुआ तो सभी रेल चक्का जाम करने को बाध्य होंगे।

# मुख्यमंत्री के माइनिंग मामले में अब 16 जून को सुनवाई

## कोर्ट में कपिल सिब्बल ने सीएम का पक्ष रखा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सीएम हेमंत सोरेन और करीबियों को माइनिंग लीज आवंटित किये जाने के मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया। पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि माइनिंग लीज आवंटित किये जाने का एक मामले पहले की सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो चुका है। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई करते हुए इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 जून की तारीख तय की है।

### प्रार्थी ने रिजाइंडर के लिए समय मांगा

माइनिंग लीज आवंटन से संबंधित मामले आरटीआइ एक्टिविस्ट सुनील कुमार ने याचिका दायर की है। इसी मामले को लेकर लंबे समय से सुनवाई चल रही है। मंगलवार को हुई सुनवाई के बाद प्रार्थी की ओर से रिजाइंडर दाखिल करने के लिए समय मांगा गया है। आज की सुनवाई के दौरान सरकार का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने रखा।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा, शपथ ली

# कोयले के सर्वाधिक प्रेषण का एनटीपीसी ने रिकॉर्ड बनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/भुवनेश्वर।** 16 से 31 मई तक एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के पालन के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। इस अवसर पर एमवीआर रेड्डी, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) द्वारा हिंदी में स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। इसके बाद नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक, एसएससी-सीएंडएम ने मंगलवार को अंग्रेजी में विभागाध्यक्षों और कर्मचारी की उपस्थिति में अंग्रेजी में शपथ ली।

संकल्प ने स्वच्छता को बढ़ावा देने और देश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन में शामिल होने के लिए दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वेच्छा से एक वर्ष में 100 घंटे और सप्ताह में कम से कम 2 घंटे समर्पित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर कर्मचारियों के साथ बातचीत करते हुए श्री रेड्डी ने साझा किया कि एनटीपीसी कोयला खनन ने एनटीपीसी पावर स्टेशनों को 115666 मीट्रिक टन कोयले के प्रेषण के साथ एक और मील का पत्थर हासिल किया है, यह अपनी स्थापना के बाद से किसी एक दिन में किया गया अब तक का सबसे अधिक कोयला प्रेषण है। श्री रेड्डी ने उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए कर्मचारियों को बधाई दी।

## झील के गंदे पानी को बोतल में भर कर प्रदर्शन किया

**रांची।** मंगलवार को रांची झील बचाओ अभियान समिति रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने रांची झील के मुख्य द्वार के समीप झील के गंदे पानी को बोतल में भर कर प्रदर्शन किया गया। श्री मिश्रा ने बताया कि रांची झील में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का रांची झील में प्रवेश होने के कारण पानी दूषित हो गया है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से अशोक पुरोहित, रमेश केडिया, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, दीपू गाड़ी, उपेंद्र रजक, मो जावेद, इंदर सिंह, रंजीत चौरसिया, मनीष श्रीमाली, मो परवेज, कैलाश केसरी, मनोज शर्मा, अभिनव, राज कुमार पोद्दार, राज किशोर वर्मा सहित अन्य सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे।


**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 1068 dated 16.05.2023 **I, Geethika Goyal Bagaria, D/o** Shri Ram Kumar Goyal, Wife of Aditya Bagaria, Resident of C-2, Shyam Kutir, Gautam Budhha Marg, Bariatu, P.O.- Bariatu & P.S.- Bariatu, Dist.-Ranchi 834009(Jharkhand) do here by solemnly affirm and declare on oath as follows:-

1. That before marriage my name was known as **Geethika Goyal.**
2. That after marriage my name has been changed to **Geethika Goyal Bagaria.**
3. That both the names are the name of same and one person.
4. That the above statements are true to my knowledge and belief.


## बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रेम चंद स्कूल रोड, ग्राम विकास, देवंती निवास के सामने से अभिनीत कुमार सिंह का पल्सर मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई, जिसका बीआईटी थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। घर के सामने लगे सीसीटीवी में तीन लोग द्वारा गाड़ी को ले जाया जा रहा दिख रहा है, पर चेहरा साफ नही दिखने के कारण चोरों की पहचान नहीं हो पायी है। गाड़ी का नंबर - JH01DY6049 औरचेसिस नंबर MD2B64BX4LRE41863 इंजन नंबर DHXR-LE52205 है। गाड़ी की जानकारी देनेवाले को दस हजार का इनाम दिया जायेगा और सूचना देनेवाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। गाड़ी मालिक का नाम अभिनीत कुमार सिंह मोबाइल 7033153894 है।

## जोहार स्वर्ण रेखा नमामि स्वर्ण रेखा



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची निवासी 16 वर्षीय पीयूष पाठक जीवनदायिनी स्वर्णरेखा नदी और अन्य जलाशयों के स्वच्छता औरनिर्मलता तथा जल के प्रति जन जागृति लाने के लिए गंगा दशहरा 30 मई 2023 दिन मंगलवार को सुबह 6:00 बजे अपने आवास इंद्रपुरी रातू रोड से चुटिया स्वर्णरेखा नदी तक पदयात्रा कर शाम 6:00 बजे स्वर्णरेखा नदी के तट पर मां गंगा की आरती करेंगे। विदित हो कि पीयूष पाठक विगत कई महीनों से नदियों तालाबों में बनारस की तरह मां गंगा की आरती करते आ रहे हैं। उनका मिशन है जोहार स्वर्णरेखा नमामि स्वर्ण रेखा । उनका कहना है क जो भी जलाशय हमारे आसपास हैं, वही हमारे लिए गंगा है और हम सभी को इसकी स्वच्छता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इन्हीं जलाशयों की वजह से हमारा पर्यावरण सुरक्षित और संरक्षित है। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया है कि सभी लोग इस अभियान से जुड़ें और पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने में अपनाी आहुति अवश्य दें।

## संबलपुर मंडल में अंतर विभागीय डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेल क्रीडा संगठन, संबलपुर मंडल द्वारा 14 मई से 19 मई 2023 तक रेलवे स्टेडियम, संबलपुर में अंतर-विभागीय डे - नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अंजनी सिंह, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर, आनंद सिंह, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष रुचिका सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मुख्य अतिथि विनीत सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारी भाईचारे और खेल भावना के साथ खेलों में भाग लें जो आपके शासकीय कार्यों में भी परिलक्षित होगा। उद्घाटन क्रिकेट मैच संकेत और दूरसंचार विभाग बनाम अधिकारी 11 के बीच खेला गया था। अधिकारी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अधिकारी टीम ने 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 84 रन बनाये, 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए संकेत एवं दूरसंचार विभाग की टीम ने 11.2 ओवर में 86 रन बनाये और 6 विकेट से मैच जीत लिया। इस अवसर पर खेल अधिकारी मनोज कुमार बेहेरा, खेल सचिव आलोक रंजन पंडा उपस्थित थे।

## एससीबी में खुलेगा राज्य का पहला 'अस्थि बैंक' खून की तरह आसानी से उपलब्ध होंगी हड्डियां



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए राज्य सरकार नई पहल कर रही है। अतः इसी उद्देश्य से एससीबी मेडिकल कटक में राज्य का पहला 'अस्थि बैंक' खोला जायेगा। नतीजतन, हड्डियों को रक्त की तरह बहुत आसानी से पाया जा सकता है। इसके लिए हड्डी रोग एवं हड्डी रोग विभाग द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर मशीन के लिए टेंडर किया गया है। आमतौर पर सर्जरी के दौरान मरीज की हड्डी को फेंक दिया जाता है। साथ ही कई बार हादसों और अन्य कारणों से भी हड्डियां खराब हो जाती हैं। फिर 'अस्थि बैंक' की स्थापना के बाद और अस्थियां नष्ट नहीं होंगी। इस हड्डी को अनिश्चित काल तक संग्रहीत किया जा सकता है और फिर दूसरे रोगी के शरीर में प्रत्यारोपित किया जा सकता है। वर्तमान में राज्य के किसी भी चिकित्सा केंद्र में यह 'बोन बैंक' सुविधा नहीं है। हालांकि, बोन ट्यूमर के मरीजों के ऑपरेशन में यह काफी काम आएगा। 'अस्थि बैंक' के लिए 18 से 45 साल के लोगों की हड्डियां जरूरी होंगी। हालांकि इस 'अस्थि बैंक' की स्थापना के लिए राज्य सरकार से अनुमति पहले ही मिल चुकी है। सड़क दुर्घटना के गंभीर मामलों में भी हड्डी के कैंसर को असली हड्डी से सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया जा सकता है। जीवित दाता या मृत व्यक्ति से प्राप्त अस्थि को माइनस 40 डिग्री से माइनस 80 डिग्री पर संग्रहित किया जाएगा। स्टरलाइज होने के बाद इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे 2021 में राज्य सरकार को प्रस्ताव दिया गया था।


**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत,
श्री ए. के पांडेय, अतिरिक्त प्रधान न्यायधीश- II
कुटुंब न्यायालय - II रांची।
O.M. No. - 34/2023
संगीता देवी एवं अन्य .......... ......... वादी
बनाम
सेठवा गंझू ........... ................. प्रतिवादी
नोटिस बनाम

सेठवा गंझू, पिता- धनेश्वर गंझू, स्थाई निवासी देबुआ, पोस्ट - बहेरा, थाना- पिपरवार, जिला - चतरा।
वर्तमान निवासी- क्वार्टर नं. - MQ/34, सुभाष नगर, डकरा, थाना- खेलारी, रांची।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि, वादीगण ने आपलोगों के विरुद्ध इस न्यायालय में उपरोक्त वाद दाखिल किया है, जिसमें न्यायालय के माध्यम से एवं निबंधित डाक के द्वारा निर्गत सम्मन के बावजूद आप लोग अनुपस्थित है।

अतः आप लोगों को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, आप दिनांक 8-6-23 को समय 10.30 बजे पूर्वाहन में स्वयं अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से मुकदमा में अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध वाद की कार्यवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी। इसे सख्त ताकित जानें।

आज दिनांक-01.05.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त प्रधान न्यायधीश- II**
**कुटुंब न्यायालय - II रांची।**

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 19, Vol-01, dated 11.05.2023 I, Sweeka Dugar alias Swika W/O Hemant Singh Duggar aged about 34 years, by faith Hindu, by faith Jain, resident of Indrakanta enclave addi bunglow P.S.telaiya Jhumritelaiya Distt. Koderma 825409 (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am permanent resident of above mentioned place.
2. That my original name is Sweeka Sethia, whereas I also known as Sweeka Dugar after marriage.
3. That my name is mentioned in passport as Sweeka Sethia instead of Sweeka Dugar as mentioned in my aadhar card 702437382371.
4. That I have changed my name Sweeka Sethia to Sweeka Dugar for ever.
5. That this affidavit is sworn for changing my name from Sweeka Sethia to Sweeka Dugar in my passport bearing the no. K6860645.


## जीवन जीने की कला भागवत से और श्रीकृष्ण से मिलती है: स्वामी मारुती किंकर महाराज

**रांची (आजाद सिपाही)।** हरमू मैदान रांची में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में महिलाएं पुरुष परिक्रमा कर रहे हैं। यज्ञ के दर्शन मात्र से फल मिलता है, ऐसा स्वामी जी ने कहा। 17 मई को त्रिदंडी स्वामी के शिष्य स्वामी सुंदर राज यतीराज महाराज के सानिध्य में यज्ञ की पूणार्हुति होगी। बक्सर काशी अयोध्या से आये हुए विद्वानों द्वारा ज्ञान यज्ञ रूपी सत्संग मंगलवार तक ही चला। ज्ञानरूपी सत्संग ज्ञान यज्ञ की पूर्णार्हुति मंगलवार को हो गयी। भक्तों को भक्ति की गंगा में राम रस में डूबाने वाले स्वामी मारुती किंकर महाराज ने कहा कि अलग विषयों पर श्री कृष्णा जनमानस को जीवन जीने की कला भागवत से और श्रीकृष्ण से मिलती है। स्वामी सर्वेश्वरचार्य राम कथा में काग भुसुंडि और शबरी की कथा सुनाई। यज्ञ भगवान की कृपा है कि आनंदमय राम कथा आप श्रवण कर रहे हैं। डॉ निर्मल स्वामी जी ने परिवार और माता पिता को जोड़ कर मानस की कथा सुनायी। कहा कि पत्नी का मतलब पति को पतित होने से रोके। तुलसीदास ने धर्मपत्नी का नाम दिया, जो धर्म में पति को लगाये, पति की आज्ञा में चले। भगवान शंकर की शादी की कथा भी समाज से जोड़ कर सुनाया। धर्मेंद्र तिवारी ने आयोजन समिति के सभी लोगों को बधाई दी। कहा कि जिन्होंने भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लग कर कार्यक्रम को सफल बनाया हैं। सभी को बहुत-बहुत बधाई। यज्ञ में ओपी जायसवाल, मिश्रा, गोस्वामी, विकास सिन्हा, अविनाश आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वेदांता लांजीगढ़ ने 13 गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर लांजीगढ़।** मेटलर्जिकल ग्रेड एल्यूमिना के भारत के प्रमुख उत्पादक वेदांता लिमिटेड, लांजीगढ़ ने कलाहांडी और रायगड जिलों में मलेरिया की घटनाओं को रोकने और कम करने के लिए सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रयास किये हैं। हाल ही में विश्व मलेरिया दिवस पर, कंपनी ने लांजीगड के वेदांता अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञों के नेतृत्व में अपने संचालन के आसपास के 13 गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता सत्र में मच्छरदानी को ठीक से उपयोग करने के तरीके पर लाइव प्रदर्शन शामिल था और मच्छरों के प्रजनन के सामान्य स्थानों की पहचान करने के बारे में जानकारी शामिल थी। सत्रों ने आस-पड़ोस को साफ रखने और स्थिर पानी और कचरे से मुक्त रखने के महत्व पर भी जोर दिया। जागरूकता सत्रों के भाग के रूप में समुदाय के सदस्यों को टिकाऊ कीटनाशक जाल भी वितरित किये गये। मलेरिया उन्मूलन के लिए वेदांता लांजीगढ़ का मिशन वर्ष 2010 में शुरू हुआ था, जब इस क्षेत्र में मलेरिया के मामले काफी अधिक थे, जिससे वयस्कों और शिशुओं दोनों की मृत्यु दर प्रभावित हुई थी।

मलेरिया उन्मूलन परियोजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए जीजी पाल उप सीइओ वेदांता लिमिटेड के एलुमिना बिजनेस ने कहा कि समुदाय का समग्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करना वेदांता लिमिटेड, लांजीगड के लिए हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। अच्छा स्वास्थ्य लंबी अवधि की प्रगति के लिए एक मजबूत नींव रखता है और इसने हमें अपने समुदाय के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवा विकसित करने के लिए प्रेरित किया है। हमारी टीमें, जिनमें चिकित्सा विशेषज्ञ, कर्मचारी स्वयंसेवक और SHG भागीदार शामिल हैं, निकट भविष्य में कलाहांडी और रायगड को पूरी तरह से मलेरिया मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।


**D A V PUBLIC SCHOOL, HEHAL**
**RANCHI, JHARKHAND**

**SALE NOTICE**

15 Years Old Buses (BR14P 2582, BR14P 1389 & BR14P 1229 ) are available for SALE. Interested. persons may submit their Quotation for purchase. - Principal

# किधर जायेगा तुर्की

तुर्कि के चुनाव नतीजों पर दुनिया की नजरें कई वजहों से हैं। दो दशकों से सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन को इस बार विपक्षी उम्मीदवार केमल किलिकडारोग्लू से तगड़ी चुनौती मिल रही है। दिलचस्प है कि वामपंथी और धर्मनिरपेक्ष नीतियों के समर्थक केमल को तुर्कि का महात्मा गांधी कहा जाता है। इस बार के चुनावों की सबसे अच्छी बात यह कही जा रही है कि इसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसका मतलब यह निकाला जा रहा है कि लोगों में परिवर्तन की इच्छा जोर मार रही है। हालांकि पहले राउंड के नतीजों में दोनों में से किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी से ज्यादा मत नहीं मिले। अर्दोआन को जहां 49.49 फीसदी वोट मिले, वहीं किलिकडारोग्लू के पक्ष में 44.79 फीसदी वोट पड़े। तुर्किये के कानून के मुताबिक 50 फीसदी से ज्यादा मत हासिल करने वाले प्रत्याशी को विजेता घोषित कर दिया जाता है, लेकिन अगर किसी भी प्रत्याशी को 50 फीसदी मत नहीं मिलते तो दो सबसे ज्यादा मत हासिल करने वाले प्रत्याशियों के बीच दूसरे दौर का चुनाव होता है। अर्दोआन और किलिकडारोग्लू के बीच दूसरे दौर का यह चुनाव 28 मई को होना है। अब दोनों पक्ष दूसरे दौर के चुनाव में जीत का दावा कर रहे हैं, लेकिन अर्दोआन की सत्ता में दो दशक लंबी पारी को देखते हुए इस बार उनका 50 फीसदी मतों की सीमा तक न पहुंच पाना भी खासा महत्वपूर्ण है। कार्यकाल के शुरुआती वर्षों में वह काफी लोकप्रिय रहे। उनका कामकाज भी अच्छा माना गया। उनकी मुसीबतें शुरू हुई 2013 के बाद से जब तुर्कि की आर्थिक सेहत बिगड़ने लगी। मुद्रास्फीति के कारण देश में उनके खिलाफ असंतोष बढ़ने लगा, तो उसे काबू में करने के लिए वह ज्यादा से ज्यादा अलोकतांत्रिक और कट्टरपंथी रुख अख्तियार करते चले गये। खास कर 2016 में हुए तख्तापलट के प्रयास के बाद तो दसियों हजार लोग जेल में डाल दिये गये। एक लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी से निकाला गया। इन सबसे उनकी अलोकप्रियता बढ़ती गयी। हालांकि अब भी गरीबों और कट्टरपंथी तबकों के बीच उनकी लोकप्रियता बरकरार है। तुर्कि नैटो का सदस्य तो है ही, दुनिया की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भी शामिल है। मगर इन चुनाव नतीजों में दुनिया की दिलचस्पी की एक बड़ी वजह यह भी है कि यूक्रेन युद्ध के बाद उभरे समीकरणों ने तुर्कि की भूमिका को खासा अहम बना दिया है। अर्दोआन के नेतृत्व में तुर्कि पिछले कुछ समय से रूस से करीबी बढ़ाता दिख रहा था। ये चुनाव नतीजे इस पूरे समीकरण को नये सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। इसके अलावा लोकतांत्रिक दुनिया भी इन चुनावों से काफी उम्मीद लगा बैठी है। देखना होगा कि निरंकुशता और धार्मिक कट्टरता के कगार पर खड़े इस देश के लिए चुनावों का दूसरा दौर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर वापसी का सबब बनता है या नहीं।

**मुद्रास्फीति के कारण देश में उनके खिलाफ असंतोष बढ़ने लगा, तो उसे काबू में करने के लिए वह ज्यादा से ज्यादा अलोकतांत्रिक और कट्टरपंथी रुख अख्तियार करते चले गये। खास कर 2016 में हुए तख्तापलट के प्रयास के बाद तो दसियों हजार लोग जेल में डाल दिये गये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सुप्रीम कोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को गैर-कानूनी और नाजायज ठहराते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया और हाइकोर्ट में नौ मई के बाद दर्ज किसी भी नये केस में इमरान की 17 मई तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। इमरान खान दो दिनों की नजरबंदी के उपरांत 13 मई को सुबह हजारों समर्थकों के साथ अपने घर पहुंचे। सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि रिहाई के बाद भी उन्हें अगवा करके रखा गया।**

# भड़की जनता-सुलगा पाकिस्तान-दुविधा में सेना

कुलदीप सिंह काहलों



**कंगाली तथा बर्बादी के किनारे पर खड़े पाकिस्तान में स्थिति विस्फोटक बनी हुई है। दोहरी नागरिकता रखने वाले उच्च श्रेणी के व्यक्तियों ने तो विदेशों की ओर पलायन करना भी शुरू कर दिया है। आम जनता, आर्थिक सैन्य विभागों, शीर्ष पूर्व सैन्य अधिकारियों में भी खौफ का माहौल है।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री तथा पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) प्रमुख इमरान खान को अल-कादिर ट्रस्ट घोटाले में नौ मई को गिरफ्तार करने के उपरांत पाकिस्तान में बड़े स्तर पर हिंसक वारदातें शुरू हो गयीं। पुलिस थानों पर अस्थायी कब्जा कर लिया गया। लूटपाट, सार्वजनिक इमारतों तथा वाहनों को जलाने के साथ-साथ लाहौर के कोर कमांडर, रावलपिंडी आर्मी हेडक्वार्टर तथा कई डिफेंस प्रतिष्ठानों में प्रवेश कर बिना किसी रोक-टोक के प्रदर्शनकारियों की ओर से हमले और तोड़-फोड़ जारी रही।

पीटीआइ के डिप्टी चीफ महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री फव्वाद चौधरी के साथ करीब 1900 नेताओं तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। पीटीआइ के अनुसार उसके 50 से अधिक समर्थक मारे गये और 400 से ज्यादा जख्मी हुए। इमरान ने इन घटनाओं के बारे में सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को जिम्मेवार ठहराया। पुलिस के करीब 200 कर्मचारी जख्मी हुए।

सुप्रीम कोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को गैर-कानूनी और नाजायज ठहराते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया और हाइकोर्ट में नौ मई के बाद दर्ज किसी भी नये केस में इमरान की 17 मई तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। इमरान खान दो दिनों की नजरबंदी के उपरांत 13 मई को सुबह हजारों समर्थकों के साथ अपने घर पहुंचे। सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि रिहाई के बाद भी उन्हें अगवा करके रखा गया।

**दोहरी नागरिकता रखने वाले उच्च श्रेणी के व्यक्तियों ने तो विदेशों की ओर पलायन करना भी शुरू कर दिया है।**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से इमरान खान को दी गयी राहत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीटीआइ के भड़के हुए प्रदर्शनकारियों ने देश के शहीदों का अपमान किया है और यहां तक कि देश के दुश्मनों ने भी ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि सैन्य ठिकानों पर हमले, गवर्नर हाऊस, स्वात टोल प्लाजा, रावलपिंडी मैट्रो आदि दर्जनों स्थानों पर आग लगाने की कार्रवाई आतंकी हमले के बराबर है। लोकतंत्र का दावा करने वाला पाकिस्तान इस समय राजनीतिक, संवैधानिक, न्यायिक, आर्थिक, सामाजिक तथा खाद्य संकट से गुजर रहा है। वहां की सेना, जिसने 5 दशकों तक पाकिस्तान पर शासन किया हो तथा लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार पर भी उसका दबदबा बरकरार रहा हो, की भीतरी कारगुजारी तथा प्रसिद्धि पर भी आज दाग लग चुका है।

पाक सेना की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है। आज सेना दुविधा की स्थिति में है, देश में एमरजेंसी जैसे हालात हैं और यह मुल्क गृह युद्ध की ओर खिसकता जा रहा है। सोचने वाली बात यह है कि आखिर ऐसी स्थिति किस तरह पैदा हुई। यह एक बड़ा सवाल है कि पड़ोसी मुल्क के अंदर अस्थिरता का माहौल भारत को कैसे प्रभावित करेगा।

## ऐसी नौबत क्यों आयी?

पाकिस्तान की जनता भुट्टो-कारदारी-शरीफ राजवंश तथा कुछ अन्य भ्रष्ट राजनेताओं से तंग आ चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि वाले क्रिकेट किंग इमरान खान को राजनीति में प्रवेश करने और उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाने में पाकिस्तानी सेना ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर अहम भूमिका निभायी। भुखमरी, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, आर्थिक तथा सामाजिक समस्याओं की जकड़ में पाकिस्तानी जनता ने सुख की सांस तब ली जब इमरान खान ने 'नया पाकिस्तान' का नारा दिया मगर इमरान खुद ही भ्रष्टाचार और राजनीतिक मकड़जाल में फंस गे। पिछले वर्ष अप्रैल के महीने में जब पाकिस्तान की राष्ट्रीय असेंबली के बहुत सारे सदस्य उनकी कारगुजारी से नाखुश होकर उनका साथ छोड़ गये तो इमरान सरकार अल्पमत में आ गयी। इमरान ने अपनी सरकार को गिराने का ठीकरा अमेरिका के सिर पर फोड़ा। इसके अलावा उन्होंने इसके लिए पाक सेना को भी कोसा। मजबूर होकर इमरान को आखिर इस्तीफा देना पड़ा। कई अन्य प्रधानमंत्रियों की तरह वह भी अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सके जोकि 13 अगस्त 2023 तक पूरा होना था और संविधान के अनुसार आम चुनाव 14 अक्टूबर 2023 को होने लाजमी थे। जल्दी चुनाव कराने की खातिर पीटीआइ ने राष्ट्रीय स्तर वाली एक बड़ी मुहिम छेड़ी हुई है। इमरान चाहते हैं कि चुनाव पाकिस्तान के चीफ जस्टिस जिन्होंने वर्तमान साल में अक्टूबर महीने में सेवा मुक्त हो जाना है, की सेवानिवृत्ति से पहले करवाये जायें। इमरान पर इस समय 120 केस दर्ज हैं। चुनाव होंगे या नहीं यह तो समय ही बतायेगा।

## बाज वाली नजर

लोकतंत्र प्रणाली वाले देश के अंदर सेना के ऊपर नागरिक सरकार के कंट्रोल वाले संकल्प को मान्यता प्राप्त है। सिंध प्रांत को छोड़ कर बाकी तीन राज्यों में सेना तैनात की गयी है। सवाल पैदा होता है कि जब प्रदर्शनकारियों की ओर से अति संवेदनशील डिफेंस इंस्टालेशन और उच्च सैन्य अधिकारियों के रिहायशी स्थानों पर हमले किये गये तो वहां पर तैनात सुरक्षा बलों ने कोई कार्रवाई की या किसी ने उन्हें कोई निर्देश जारी किये? पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कहा है कि हम लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं। इस समय सेना तथा न्यायपालिका बंटी हुई नजर आ रही हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख के पास आतंकियों तथा आपराधिक और कसूरवार सैनिकों के खिलाफ कोर्ट मार्शल करके उन्हें मौत की सजा देने का अधिकार भी है तथा कइयों को तो सूली पर टांगा गया है।

कंगाली तथा बर्बादी के किनारे पर खड़े पाकिस्तान में स्थिति विस्फोटक बनी हुई है। दोहरी नागरिकता रखने वाले उच्च श्रेणी के व्यक्तियों ने तो विदेशों की ओर पलायन करना भी शुरू कर दिया है। आम जनता, आर्थिक सैन्य विभागों, शीर्ष पूर्व सैन्य अधिकारियों में भी खौफ का माहौल है। यदि लश्कर-जैश या अफगानिस्तान के आतंकियों के हाथ पाकिस्तान के परमाणु भंडारों की चाबी लग गयी तो फिर पाकिस्तान की परमात्मा ही रक्षा करें।

**(लेखक रिटायर ब्रिगेडियर हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# दुगनी के समीप ऑटो पलटने से कई महिला मजदूर घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को सरायकेला थाना अंतर्गत सरायकेला- कांड्रा मुख्य मार्ग पर दुगनी के समीप सुबह लगभग 8: 30 बजे ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से ऑटो चालक सहित टेंपो पर सवार मजदूरी करने जा रही लगभग 15 महिला मजदूर घायल होगये। बताया जा रहा है यात्री टेंपो दुगनी गांव से महिला मजदूरों को लेकर कंस्ट्रक्शन का काम के लिए सालडीह जा रही थी। इसी दौरान दुगनी के समीप एक स्कॉर्पियो को बचाने के दौरान ओवरलोडेड टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर सभी महिला मजदूर घयाल हो गए। वही घटनास्थल से ड्यूटी जा रहे गम्हरिया के रोजगार सेवक शंकर सतपति ने स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के सहारे घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहा दो घायल महिला मजदूर सुगुन कैवर्त और शंकर कैवर्त की स्थिति चिकित्सकों ने गंभीर बताई। वही अन्य घायल महिला मजदूरों में तारामनी, होपना गोप, सुभद्रा नायक, कल्पना गोप, कलावती गोप, फुलमनी गोप, मंगली देवी, जितनी नायक, उत्तरा नायक, दिशा नायक, रानी गोप, सुलोचना कैवर्त और टुंपा दास का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर घटना की सूचना मिलते ही सरायकेला पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल घायलो का इलाज चल रहा है। पुलिस टेंपो को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गयी है।

# एटीएम तोड़ चोरी का प्रयास, घटना सीसीटीवी में कैद, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर शेरे-पंजाब सर्विस रोड किनारे लंकेश्वर टावर में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम से चोरों करने का प्रयास असफल रहा। सोमवार देर रात दो से 2:30 के बीच एटीएम में दो युवकों के द्वारा तोड़ने का प्रयास किया गया। करीब एक घंटे तक दोनो युवक एटीएम को तोड़ कर पैसे निकालने का कोशिश की। लेकिन चोरी करने में नाकाम रहे। वही एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनो युवक का तस्बीर कैद हो गई। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी बैंक कर्मियों को हुई। घटना की सूचना बैंक कर्मियों ने आदित्यपुर पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे के निशानदेही पर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 5 माह पूर्व आदित्यपुर में नए शाखा की शुरूआत की गई थी।वही ब्रांच मैनेजर आकांक्षा श्रीवास्तव ने बताया बैंक कर्मियों ने सुबह ही घटना की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। सर्विस इंजीनियरों के द्वारा एटीएम में जांच के बाद ही पता चल पाएगा पैसे निकले या नहीं।

# अर्पण का महा रक्तदान शिविर कल 1500 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था अर्पण गर्मी में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु पिछले कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी महा रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगी। इस निमित्त मंगलवार को संस्था की ओर से साकची कार्यालय में मुख्य सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी। इस बैठक में संस्था द्वारा आगामी 18 जून को महा रक्तदान शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान संस्था के जुगुन पांडेय, पप्पू राव, महेश मिश्रा, उपेंदर साह, बिभाष मजूमदार, प्रिंस सिंह, नवीन तिवारी, त्रिनाथ मुखी, संतोष यादव, मनीष सिंह, दीपक सिंह,सूरज बाग, टोबी सिंह, सौरव चटर्जी, विकाश गुप्ता, धीरज चौधरी, शुभम लाला, विक्की तारवे, मोहन दास, सूरज चौबे, सूरज, सूरज यादव, शुरू पात्रों, राहुल पाल, सागर चौबे, अंकेश भुइयां, मनोज हलदार सनोज चंद्रा, सूरज पॉल, सिंटू, मनीष चौबे, आशुतोष बैनर्जी, बिट्टू मुखी सहित अन्य सैकड़ों सदस्य उपस्थित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# शिक्षा के क्षेत्र में रुशील ने झारखंड का बढ़ाया सम्मान : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत गोविंदपुर निवासी राजेश पाठक के पुत्र रुशील कुमार ने 99.8 प्रतिशत अंक लाकर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को जानकारी मिलने पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उनके आवास पहुचे। मौके पर विधायक ने रुशील को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके परिजनों को बधाई दी। विधायक ने कहा रुशील कुमार ने गोविंदपुर से पूरे झारखंड का नाम रोशन किया। रुशील के कड़ी मेहनत और लगन की वजह से ही उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने उनके माता पिता ही नही बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। ईश्वर से प्रार्थना है आने वाले दिनों में रुशील गोविंदपुर और झारखंड का नाम विश्व के पटल पर लहराए। मौके पर नवमी सिंह,उदय प्रसाद ,बिमलेश प्रसाद, प्रकाश दुबे,चन्दन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों के बीच चला यातायात जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा शांति निकेतन मध्य एवं उच्च विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। मंगलवार को अभियान के दौरान मुख्य अतिथि यातायात थाना प्रभारी संगीता कुमारी, समाजसेवी शशी आचार्या, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता शामिल रहे। अतिथियो के द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बच्चे को यातायात से संबंधित कई टिप्स दिए गए। यातायात थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने बताया 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को गाड़ी चलाना सख्त मना है। पकड़े जाने पर करवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया मोटरसाइकिल सवार को हेलमेट पहन कर बेल्ट लगाना अनिवार्य है। वहीं कार में बेल्ट लगाना, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना,तेज रप्तार से गाड़ी नही चलाना,गाड़ी का पेपर लाइसेंस अपडेट रखना सहित यातायात सुरक्षा के सारे नियमों का पालन करना जरूरी है, ताकि सड़क दुर्घटना पर लगाम लग सके। मौके पर स्कूली बच्चों से कई सवाल-जवाब भी किया गया। अंत में यातायात से संबंधित नियमों का पालन करने के लिए स्कूली बच्चों को शपथ दिलाया गया। मौके पर समाजसेवी शशि आचार्या, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, प्रधानाचार्य बी एन चौधरी, सह प्रधानाचार्य के पी सिंह, शिक्षक ओम प्रकाश शर्मा,अवधेश चौबे, शिक्षिका निकिता कुमारी, कमला देवी, सुधीर कुमार सहित स्कूल के सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सरायकेला डीसी जनता दरबार में परेशानी से हुए अवगत, समस्याओं का किया निष्पादन




आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के जिला दंडाधिकारी सह डीसी अरवा राजकमल ने कार्यालय में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। मंगलवार को जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों लोग फरियाद लेकर उनकी समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर डीसी ने निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दरबार में डीसी ने भूमि विवाद, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्यालय सम्बन्धित मामले, कोरोना संक्रमण से मृतक आश्रित को सहायता योजना का लाभ प्रदान करने समेत अन्य समस्याओं को बारी-बारी से सुने। मौके पर डीसी ने कहा सभी विभागीय पदाधिकारी सप्ताह के दो दिन प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को कार्यालय में उपस्थित रहे। मामलों के निराकरण हेतु आ रहे फरियादियों से मिलकर उनके समस्याओं का निष्पादन सुनिश्चित करें। ताकि अनावश्यक लोगों को विभिन्न कार्यालयों या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रेडक्रॉस सोसाइटी ने 12 टीबी मरीजों के बीच किया पोषाहार का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला रेडक्रॉस के द्वारा यक्ष्मा रोग से पीड़ित बारह मरीजों को लगातार पांचवां महीना पोषाहार दिया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ जेपी सिंह एवं गढ़वा जिला यक्ष्मा केंद्र प्रभारी डॉ कमलेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ कमलेश कुमार ने रेड क्रॉस के दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने गढ़वा के संपन्न व्यक्ति और संस्थाओं से अपील की कि वे आगे बढ़ कर आयें और यक्ष्मा रोगियों के लिए छह माह का पोषाहार देने की कृपा करें। क्योंकि यक्ष्मा रोगी का जब इलाज चलता है तब उन्हें भरपूर पौष्टिक आहार की जरूरत होती है, तभी उन्हें जल्द रोग से मुक्ति मिल सकती है। जिन लोगों ने यक्ष्मा रोगियों को गोद लिया है उनमें रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सह सचिव नंद कुमार गुप्ता, एक्सक्यूटिव कमेटी के सदस्य मनोज केसरी रूपा गंजी, अवधेश कुशवाहा ज्ञान प्रकाश केसरी, डॉ पतंजलि केसरी एवं संतोष मेहता पीयूष मेडिकल का नाम शामिल हैं। मौके पर उपरोक्त व्यक्तियों के अलावा रोशन कुमार, नुरुल हसन आदि यक्ष्मा विभाग के स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### डॉ कर्मा उरांव के निधन पर आदिवासी महासभा ने की श्रद्धांजलि सभा



**बड़गड (आजाद सिपाही)।** झारखंड के हक अधिकार के लिए प्रखर आवाज उठाने वाले, आदिवासी समाज के शुभचिंतक, अगुवा, महान शिक्षाविद, रांची विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान के पूर्व डीन, प्रोफेसर डॉ. करमा उरांव के निधन पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा बड़गड़ प्रखंड इकाई ने महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष के आवास गोठानी में शोक श्रद्धांजलि सभा की। सभा में दो मिनट का मौन रखने के बाद आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश मिंज ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ कर्मा आदिवासी समाज के अंतरराष्ट्रीय विचारक थे। उन्होंने विश्व के 52 देशों में आदिवासी शिक्षा और संस्कृति पर कार्य किया। डॉ कर्मा हमारे बीच नहीं रहे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। महासभा के केंद्रीय उप सचिव फिलिप कुजूर ने कहा कि डॉ उरांव बीपीएससी के सदस्य, राजी पढ़हा, सरना प्रार्थना सभा भारत, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ, राष्ट्रीय आदिवासी समाज और सरना धर्म रक्षा अभियान के मार्गदर्शक रहे। वे आदिवासी समाज के गार्जियन थे। उनका असमय जाना आदिवासी समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है। साहित्यकार ज्योति लकड़ा ने कहा कि डॉ उरांव एक अच्छे रिसर्चर थे। उन्होंने आदिवासी दर्शन, और सांस्कृतिक विरासत पर कर पेपर लिखे। उन्होंने अंतिम समय तक आदिवासी समाज के हक हकुक के लिए संघर्ष किया। शोक सभा में सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिंज ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर गोठानी ग्राम प्रधान अमोस मिंज, संजय कुजूर, दया किशोर मिंज, मिलियानुस केरकेट्टा, राजेंद्र कच्छप आदि मौजूद थे। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय कमिटी सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज ने श्रद्धांजलि सभा का संचालन किया।

### यात्री बस की चपेट में आने से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**गढवा (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र डीह टोला निवासी गणेश चौधरी के छह वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार की मौत यात्री बस की चपेट में आने से हो गयी। घटना के संबंध में बताया गया कि सुरेंद्र चौधरी की पत्नी गुड्डी देवी का मोबाइल बीते दिनों गुम हुआ था। जिसके बाद गुड्डी देवी उक्त बच्चे को लेकर अंधविश्वास के अंधेरे में मोबाइल गुम होने का साक्ष्य पाने के लिए जा रही थी। उसी बीच चौराठी पहाड़ के पास यात्री बस की चपेट में आने से छह वर्षीय गणेश चौधरी के पुत्र मुकेश कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना खबर लिखे जाने तक मृत युवक के परिजन को नहीं थी, क्योंकि उसी गांव की गुड्डी देवी उस युवक को अंधविश्वास के अंधेरे में मोबाइल गुम होने का साक्ष्य पाने के लिए उस बच्चे को लेकर जा रही थी। वहीं घटना के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई व शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

**बैठक : कृषि मंत्री जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में हुए शामिल**

# जनहित की योजना सभी योग्य लाभुकों के लिए शत प्रतिशत क्रियान्वित करें : बादल

**बीज वितरण के लिए सुदूरवर्ती क्षेत्र में नये बीज वितरण केंद्र खोलने के दिये निर्देश**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड-सह-प्रभारी मंत्री गढ़वा, बादल पत्रलेख की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड मिथिलेश कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा मंत्री की बैठक को लेकर गढ़वा जिला आगमन हेतु आभार व्यक्त किया गया एवं मंत्रीगण को पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा उनके विभाग से संबंधित एवं संचालित योजनाओं की जानकारी मंत्री को दी गई। अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर मंत्री द्वारा बिंदुवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से 15वें वित्त, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आपूर्ति, खनन, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गयी।

जिला में कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी से उपलब्ध हुए बीज की जानकारी ली गयी। साथ हीं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत अब तक हुए भुगतान, ऋण माफी योजना के तहत दिए गए लाभ की भी मंत्री द्वारा जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने बीज वितरण के लिए सुदूरवर्ती क्षेत्र में नए बीज वितरण केंद्र खोलने का भी निर्देश दिया। बैठक में आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री द्वारा निर्धारित मात्रा में जन वितरण प्रणाली के तहत ससमय लाभुकों को राशन वितरण का निर्देश दिया गया। साथ हीं तय मात्रा में राशन वितरण नही करने वाले राशन डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही मंत्री ने स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण, बिरसा आवास की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में 20 सूत्री सदस्यों द्वारा भी कई महत्वपूर्ण विषयों को सदन में रखा गया। जिसपर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष, नीतेश सिंह, जिप शांति देवी, डीडीसी राजेश कुमार राय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी दिलीप कु यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर, आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका सहित सभी विभागों उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के समग्र विकास में सहायक : मदन केशरी

**जीएन कान्वेंट में समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना सीखा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन का आज तीसरे दिन रहा। जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़ कर अपने खेलों व तमाम प्रकार की गतिविधियों में शामिल हुए। बच्चे अपनी रुची के अनुसार विभिन्न प्रकार के नृत्य एवं गायन में अपनी विधा को प्रदर्शित किए। उनके प्रदर्शनों में हो रही त्रुटियों में सुधार के लिए योग्य एवं विशेषज्ञ शिक्षक निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं। जिनके मार्ग दर्शन में बच्चे अपने प्रदर्शनों में उत्तरोतर निखार ला रहे हैं। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने कहा कि हम में से कई के पास ग्रीष्मकालीन पास व ग्रीष्मकालीन शिविरों के शानदार और सुंदर यादें हैं। साल का यह समय सभी को प्यारा होता है, क्योंकि बच्चों को अकादमिक कक्षाओं में रोजाना नियमित रूप से उपस्थित होने के बजाए यह छुट्टियां विद्यार्थियों के लिए बहुत आनन्ददायक साबित होती है। यह आम तौर आवश्यक ब्रेक प्रदान करता है और प्रकृति में बेहद संवादात्मक होता है और विद्यार्थी अपनी पसंदीदा गतिविधियों को आसानी से सीख पाते हैं। ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किया गया एक कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से बच्चे समस्या निवारण का कौशल हासिल करते हैं। आज कैम्प के तीसरे दिवस पर आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से एक बढ़कर नृत्य और गीत का कार्यक्रम पेश किए। वहीं टेबल टेनिस के साथ साथ योगा और उससे संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साह पूर्ण भाग लिया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं में नृत्य में काजल एवं वैष्णवी, गायन में अभिषेक कश्यप, रिमझिम वैष्णवी, साक्षी, विद्या, खुशी, विद्या, रानी, चांदनी, काजल, टेबल टेनिस में चांद रजा, आदित्य सोनी, युवराज कुमार, अभिषेक कश्यप, मो. फैज, वरण्यम पर अमित कुमार, आर्यन केशरी, मो. अशरफ एवं निखिल कुमार, वहीं योगा में सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने शामिल होकर कार्यक्रम सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। वहीं उपप्राचार्य वसंत ठाकुर की देखरेख में इन शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। इसमें उदयप्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, दीपक कुमार, नरेन्द्र सिन्हा, अजय कुमार, नीश शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहिन, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, सुनिता कुमारी, नीलम कुमारी, निधि कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## कैलाश धाम पहाड़ी पर भव्य मंदिर निर्माण का निर्णय

**मंदिर निर्माण को लेकर महंत उमाकांत महाराज की अगुवाई में की गयी बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के कैलाश धाम कर्रामुंडा में एक भव्य मंदिर निर्माण को लेकर बैठक की गयी। इस मौके पर महंत उमाकांत जी महाराज की अगुवाई में कैलाश धाम कर्रामुंडा विकास समिति की एक बैठक की गयी।

बैठक में ग्रामीणों सहित समिति के सभी लोगों ने कैलाश धाम पहाड़ी पर एक भव्य मंदिर बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें मन्दिर बनाने के लिए सबकी सहमति बनी। बताया गया कि आगामी 15 मई को मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जायेगा।

इस मौके पर महंत उमाकांत जी महाराज के द्वारा धर्म, समाज एवं संस्कृति की रक्षा के बारे में कई सुझाव दिए गये। इस मौके पर राम नाम का भजन भी कराया गया।

इस मौके पर कैलाश धाम विकास समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव योगेश चंद्र बेहरा, नारायण सिंह, मनोज पातर, श्यामसुंदर बेहरा, कमलेश पातर, अमर नेगी, वासुदेव नेगी, लालू लोहरा, राजनीश बहरा, जितेंद्र बेहरा, राजकुमार सिंह, रैन सिंह, बैरवा बेहरा, रामजीत सिंह, प्रकाश बेहरा, गणपत बेहरा, सुरेश पेठेई, रवि, राजेन्द्र, कुंजल बड़ाईक एवं अन्य लोग लोग भारी संख्या में मौजूद थे।

### डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मंदिर निर्माण के लिए दिया एक लाख रुपये का सहयोग



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम कोलुहवा में अर्धनिर्मित शिव मंदिर के लिये भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने एक लाख रुपये की राशि प्रदान की। यह मंदिर ग्रामीणों के सहयोग से बनाया जा रहा है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मंदिर बहुत भव्य तरीके से बनाया जा रहा है। मंदिर का प्रारूप देखकर मुझे काफी खुशी हुई। मौके पर बरडीहा प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव, मझियाव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, शंभू चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने मृतक के परिजनों को दिया पांच हजार रुपये का सहयोग



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम डाबरिया निवासी मनोज राम की रोड दुर्घटना में कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। यह खबर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी को 15 मई 2023 को मिली। श्री चंद्रवंशी ने मनोज राम के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। मनोज राम 28 वर्ष के युवा थे। उनके छोटे-छोटे तीन बच्चे भी हैं। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी से बात कर सरकारी प्रावधान के तहत चार लाख का मुआवजा के संबंध में जानकारी ली। कहा बहुत जल्द यह राशि उनके परिजनों को मिल जाएगी। साथ ही उन्होंने पांच हजार रुपये का सहयोग राशि उनके परिजनों को सौंपा। मौके पर कांडी पंचायत के मुखिया विजय बघेल, लखन साहू, लखन चंद्रवंशी, पवन गुप्ता, शंभू चौधरी मौजूद थे।

### झारखंड पेंशनर कल्याण समाज ने सेवानिवृत्त पंचायत सेवक के निधन पर की शोक सभा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के कार्यालय में रामनरेश प्रसाद सेवानिवृत्त पंचायत सेवक के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। स्व. रामनरेश प्रसाद सेवानिवृत्त पंचायत सचिव संगठन के सह कोषाध्यक्ष थे। जिनका हाल ही में ब्रेन हेमरेज हो गया था। स्थानीय स्तर अस्पताल में इलाज कराया गया, परंतु कोई लाभ नहीं मिला। अंततः 13 मई को रात्रि 9:00 बजे के लगभग उनका निधन हो गया। इस अवसर पर पेंशनर कल्याण समाज के अधयक्ष केके यादव, सचिव असरफी राम, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, संगठन मंत्री श्रवण कुमार एवं सुदामा राम आदि के द्वारा उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## रामरेखा धाम में विकास कार्य की बढ़ चुकी है रफ्तार, विश्व स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में तेजी से हो रहा है कार्य : भूषण बाड़ा

**श्रीरामरेखा धाम में करोड़ों की लागत से डाक बंगला भवन निर्माण का विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने मंगलवार को श्रीरामरेखा धाम में करोड़ों की लागत से बनने वाले डाक बंगला भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिला परिषद मद से निर्मित डाक बंगला भवन का शिलान्यास के मौके पर धाम के महंत की अगुवाई में विधिवत पूजा अर्चना भी की गई। विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक भूषण बाड़ा ने रामरेखा धाम की सुंदरता का बखान करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने खुद अपने हाथों से इसे सजाया है। उन्होंने कहा कि रामरेखा की पहचान विश्व स्तर पर हो इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया गया है। अब धाम के विकास की रफ्तार तेज कर दी गई है। पहले अतिथिशाला का निर्माण हुआ। फिर बीरू से रामरेखाधाम तक सड़क चौड़ीकरण करने की योजना सरकार से स्वीकृति दिलाई गई। अब धाम में डाक बंगला भवन का निर्माण भी शुरू हो रहा है। आने वाले दिनों और भी बहुत कुछ योजनाएं धाम में लाने की योजना है। इस सम्बंध में उन?होंने लगातार विधानसभा में रामरेखा धाम का विकास कराने, रामरेखा के पहाड़ी में रोपवे निर्माण कराने की भी मांग कर चुके हैं। मौके पर विधायक ने धाम का विकास कराने के लिए धाम का भी निरीक्षण किया।



**धाम के विकास में न हो कोई भेदभाव : जिप सदस्य**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि श्रीरामरेखा धाम के विकास में कोई राजनीतिक या भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन?होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से धाम तक सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके अलावे और भी कई विकास के कार्य धाम में किया गया है। जो खुशी की बात है। सड़क चौड़ीकरण होने से आने वाले श्रद्धालुओं को धाम पहुंचने में आसानी होगी।

**विधायक ने जिले के अमन, चैन और खुशहाली के लिए भी मांगी दुआ**

विधायक श्रीरामरेखा धाम के पवित्र गुफा में स्थित भगवान के विग्रहों का दर्शन पूजन कर जिले के अमन, चैन, खुशहाली और तरक?की के लिए भगवान से प्रार्थना की। मौके पर विधायक ने धाम के महंत से आशीर्वाद लेते हुए रामरेखाधाम के विकास के संबंध में चर्चा की।

**शिलान्यास कार्यक्रम में ये भी थे मौजूद**

शिलान्यास कार्यक्रम में बीडीओ शक्तिकुंज कुमार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, मुखिया बिनीता खाखा, उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,जिला प्रवक्ता रणधीर सिंह,पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी,विनय तिग्गा,तेजकुमार लकड़ा, जोधन नायक, चंदन सिंह, ओमप्रकाश साहू, ईश्वर प्रसाद, पावन मित्तल, बैजनाथ केशरी, लोलाश तिर्की, पंचायत समिति प्रतिमा कुजूर, भूषण राम, सुभाष साहू, नीला नाग, मंजू तिर्की, ज्योति, उप प्रमुख फोलोरा मिंज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**बैठक : रंका प्रखंड बीस सूत्री कार्यकारिणी समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित**

# बाजार भूमि अतिक्रमण मुक्त करने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजने का निर्णय

**प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर दिया गया जोर**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड सभा कक्ष में मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा कई प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें असाध्य रोगों के इलाज हेतु राशन कार्ड वाले सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सदस्य दीपक कुमार सोनी के द्वारा पंचायत भवन में कैंप लगाकर बनाने का प्रस्ताव लाया गया जिसे सभी ने सहमति दी। इसके लिए चिकित्सा पदाधिकारी शिड्यूल बनाकर देंगे। रंका भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक बीडी उरांव ने बताया कि स्टैंडअप इंडिया के तहत बैंक से 25 लाख से अधिक ऋण का प्रावधान है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला के लिए है। मुद्रा ऋण बिजनेस करने के लिए दिया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ का लक्ष्य है। उसमें सभी प्रकार के कार्यों के लिए दिए जाने का प्रावधान है। बाजार समिति एवं बाजार भूमि अतिक्रमण मुक्त करने एवं अभिलंब बाजार भूमि खाली कराने का प्रस्ताव अंचल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा। चेकनाका पर से थाना तक दुकानदार नाली के पीछे अपनी दुकान लगाएंगे। पंचायती राज के अंतर्गत 15वें वित्त का पैसा करोड़ों रुपया पंचायती राज समन्वयक कृति गुप्ता के भाई को भेजा गया है। इसके लिए उन्हें हटाने की मांग की गई है। अंचल ऑपरेटर ओम प्रकाश गुप्ता को भी हटाने का प्रस्ताव लाया गया है। रंका कला पंचायत के हल्दिया पुल के पास नागेंद्र कुमार के नाम से गार्ड वाल निर्माण की योजना है। जबकि वह योजना रौशन गुप्ता के जमीन में बनायी गयी है। उसे जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई। वहीं ईदु अंसारी के जमीन की नापी के लिए आवेदन दिया गया लेकिन आज तक मापी नहीं हुई। नापी कराने का प्रस्ताव रखा गया। एनएच 343 चौधरी मोहल्ला के पास अजय चौरसिया के घर के पास लगभग 150 फीट नाली निर्माण अधूरा है, उसे पूरा करने का प्रस्ताव लाया गया। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के लिए लक्ष्य को पूरा करने हेतु बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। चटकमान विद्यालय में एक अतिरिक्त शिक्षक के लिए चर्चा किया गया। हेड मास्टर को बदलने की मांग की गई। बैठक में बीडीओ देवानंद नाम, सीओ शंभू राम, 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, शिक्षा विभाग के बीपीओ संतोष कुमार दुबे, मनरेगा बीपीओ सोनू कुमार, प्रधान सहायक मुकेश कुमार, आवास समन्वयक पवन कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय गुप्ता, पशुपालन विभाग के विनोद कुमार, एसबीआई मैनेजर बुद्धदेव उरांव, एएसआई विकास कुमार, रुपेश तिवारी, सूत्री सदस्य ओम प्रकाश यादव दीपक सोनी, रामाधार ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली बिरसा मुंडा वुशु सेंटर बना 19वां झारखंड सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी के संत माईकल स्कूल +2 विद्यालय परिसर में दो दिवसीय 19वां झारखंड सब जुनियर वुशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सिल्ली बिरसा मुंडा वुशु सेंटर के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर 26 पदक प्राप्त किया और प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड वुशु एसोसिएशन के चंचल भट्टाचार्य, शैलेंद्र नाथ दूबे उपस्थित थे। कोच वाहिद अली ने बताया कि प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा वुशु सेंटर के स्वर्ण पदक प्रेम बाऊरी, जवाला प्रसाद, सुमित बेदिया (संत माईकल स्कूल+2) प्रतिमा कुमारी, करीना कुमारी, होलिका कुमारी, सोनू कुमारी, विकास कुमार (रामपुर), पंचमी कुमारी, उमेश कुमार बेदिया, निमाई सिंह सरदार (भक्तिवेदांत गुरुकुल कुटाम) ने स्वर्ण पदक। समराट महतो, दिनेश, श्याम कुमार, सोनोका कुमारी, निशा कुमारी, शिल्पी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी (कस्तूरबा गांधी विद्यालय सिल्ली) अंसीका कुमारी, सुमन कुमारी ने रजत तथा आकाश बाऊरी, अरनब साहू, कृष्णा बेदिया, सुदामा सिंह सरदार, अखिलेश्वर वेदिया, ऊषा कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सफल आयोजन में संत माईकल स्कूल +2 के निदेशक डॉ राकेश कुमार, डॉ रूपेश कुमार एवं विद्यालय के शिक्षकों ने सराहनीय योगदान देते हुए खिलाड़ीयों के ऊजवल भविष्य का कामना की।

## नेहा महतो ने बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर के तीरंदाजों के लिए निर्माणाधीन छात्रावास का किया निरीक्षण



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली स्टेडियम के समीप बिरसा मुण्डा आर्चरी सेंटर के तीरंदाजों के लिए बन रहे निर्माणाधीन छात्रावास का भारतीय तीरंदाजी संघ के सदस्य सह झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष व बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी के अध्यक्ष नेहा महतो ने निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे मनोज कुमर को उन्होंने कार्य में तेजी लाने एवं निर्माणाधीन क्षेत्र के आसपास प्लांटेशन करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य में एकेडमी का पहला छात्रावास बनाया जा रहा है। जो खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में कारगर होगा। छात्रावास बन जाने के पर तीरंदाजों के रहने एवं खानपान की बेहतर सुविधाएं दी जाएगी। साथ ही बाहर से आने वाली तीरंदाजों को राहत मिलेगी। निरीक्षण से पूर्व उन्होंने एकेडमी के तिरंदाजी रेंज परिसर में बने नये कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर एकेडमी के मुख्य कोच प्रकाश राम ने बताया कि कार्यालय से ही परिसर में अभ्यास कर रहे तीरंदाजों की निगरानी की जाएगी। सीसीटीवी की मदद से अभ्यास में कमी को भी बारीकी से देखा जाएगा। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय लॉन बोल खिलाड़ी दिनेश महतो, बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी के कोच शिशिर महतो, कमलेश महतो, मुकेश तुरी, आर्यन साव, रोहित कुमार, शिशिर महतो अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता समेत एकेडमी खिलाड़ी उपस्थित थे।

## डॉ राधा रमन साहू और अमानत अली झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य मनोनीत



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से पीपीके कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष और इंटर इकाई के प्रभारी डॉ राधा रमन साहू और अमानत अली इंटर कॉलेज के प्राचार्य अली अल अराफात को झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य मनोनीत किया गया इस संदर्भ में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के उप सचिव कुमुद सहाय ने अधिसूचना राज्यपाल के आदेश पर पत्र में जारी की है। डॉ राधा रमन साहू का प्रख्यात एवं अनुभवी शिक्षाविद के रूप में और अली अल अराफात का चयन प्रिंसिपल प्लस टू विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है। डॉक्टर राधारमण साहू शिक्षा क्षेत्र में लंबा अनुभव के साथ आंदोलनकारी भी रहे हैं और अली अल अराफात सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बुंडू के प्रबंध निदेशक है और एक शिक्षाविद भी हैं। झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य बनाए जाने पर शिक्षाविद देव नारायण महतो, उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष राम दुर्लभ मुंडा, रोहिन सिंह मुंडा, छात्र नेता सुरेंद्र लोहरा, राजू महतो, जेपी के कालेज के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार, पूर्व प्रिंसिपल डॉ अमरेंद्र कुमार जयसवाल, सीएल जयसवाल, गौतम शुक्ला, शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो, प्रोफेसर अजय उरांव आदि ने हर्ष प्रकट किए हैं।

## डॉ राधा रमन साहू और अमानत अली को दी बधाई

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** डॉ राधा रमन साहू प्रोफेसर पीपीके कॉलेज बुंडू हिंदी विभागाध्यक्ष और इंटर इकाई के प्रभारी प्राचार्य और अली अल अराफात निर्देशक अमानत अली इंटर कॉलेज बुंडू को प्रदेश के झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य सरकार द्वारा चुने जाने पर पांच परगना क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है और लोगों ने बधाई दी है। अली अल अराफात सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल बुंडू के प्रबंध निदेशक हैं और एक शिक्षाविद भी हैं। डॉ राधा रमन साहू का लंबा अनुभव शिक्षा क्षेत्र में रहा है।

## राहे में 18 मई से अखंड नवरात्र हरिनाम संकीर्तन का होगा आयोजन



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड का प्रसिद्ध अखंड नवरात्र हरिनाम संकीर्तन 18 मई गुरुवार सुबह से दुर्गा मंदिर परिसर में अस्थायी हरिमंदिर में प्रारंभ होगा। हरिनाम संकीर्तन के अवसर पर नौ दिन मेला लगेगा। मेले में इलेक्ट्रॉनिक टावर झूला, मौत का कुआं, मिकी माउस, ब्रेक डांस, बच्चों के लिए छोटे-छोटे झूले लगाए गए हैं। तैयारी की समीक्षा करते हुए आयोजनकर्ता सोलहआना समिति के सदस्यों ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन के साथ मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारी पूर्ण हो गई है। विधि व्यवस्था के लिये स्थानीय पुलिस के साथ नवयुवक संघ तैयार रहेंगे। सभी के सहयोग के साथ मेला को संपन्न किया जायेगा।

**बैठक :** राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासन ने की तैयारियों की समीक्षा

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 मई को आ सकती हैं खूंटी

**उपायुक्त ने संबंधित वरीय पदाधिकारियों और अधिकारियों को दिये तैयारियों के निर्देश**




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 मई को खूंटी आ सकती हैं। जिले में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उपायुक्त की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रपति के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मौके पर उपायुक्त ने की जानेवाली तैयारियों के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीसी ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, रुट लाइन की व्यवस्था बेहतर बनी रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। सभी प्रतिनियुक्त किए जानेवाले अधिकारियों और कर्मियों को अपने आईडी कार्ड के साथ अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर सतर्क रहने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की व्यवस्था या सुविधा में कमी न हो। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन को पूर्ण व्यवस्थित रूप से कार्य करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में प्रस्तावित महिला सम्मेलन के मुख्य आयोजन को लेकर सुरक्षात्मक पहलुओं से संबंधित निर्देश अधिकारियों को दिए गए। राष्ट्रपति के आगमन पर हेलिपैड की व्यवस्था और कार्केड पदाधिकारी तथा दंडाधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में बताया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार की विशेष व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न सेल का गठन किया गया। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, भोजन, वाहन, विद्युत, बैठने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर लगाए जानेवाले स्टॉल एवं इसके उचित प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए गए।

# पीएलएफआइ उग्रवादी हेरमन बारला गिरफ्तार

**गिरफ्तार उग्रवादी के पास से देसी कट्टा, गोली, मोबाइल और संगठन के पर्चे बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार को तड़के रनिया थाना क्षेत्र के निचितपुर सदान टोली में छापामारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया(पीएलएफआई) के सक्रिय उग्रवादी हेरमन बारला को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, संगठन के पर्चे और मोबाइल बरामद किया है। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का उग्रवादी श्रवण दास संगठन के कुछ अन्य उग्रवादियों के साथ निचितपुर सदान टोली में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर एएसपी अभियान द्वारा ऑपरेशन प्लान के तहत तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने जिस समय निचितपुर गांव पहुंची, उस समय तीन उग्रवादी एक अर्द्धनिर्मित मकान की छत पर सो रहे थे। पुलिस को देखते ही श्रवण दास एक अन्य उग्रवादी के साथ छत से कूदकर भागने में सफल रहा, पर हेरमन बारला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने मंगलवार को उसे जेल भेज दिया। छापामारी टीम में एसडीपीओ ओपी तिवारी के अलावा तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, तपकारा थाना प्रभारी रंजीत किशोर, रनिया थाना के अवर निरीक्षक संदीप कुमार और निशांत केरकेट्टा के अलाव सैट 120 और तपकारा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मारवाड़ी युवा मंच के दो दिवसीय समर कैंप का समापन

**अतिम दिन बच्चों ने फन विथ साइंस, पॉट पेंटिंग, पब्लिक स्पीकिंग, फायरलेस कुकिंग, डांस, टाई एंड डाई आदि गतिविधियों में हिस्सा लिया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय समर कैम्प का समापन सोमवार देर रात हो गया। कैम्प के अतिम दिन बच्चों ने फन विथ साइंस, पॉट पेंटिंग, पब्लिक स्पीकिंग, फायरलेस कुकिंग, डांस, टाई एंड डाई आदि गतिविधियों में हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि वीणा शर्मा ने अपनी उपस्थिति से मंच के सदस्यों और बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कई अविभावकों ने मंच से अगले वर्ष भी समर कैम्प लगाने का अनुरोध किया और मनोरंजक कार्यक्रम के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष अंकित जैन, सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष अखिल सरावगी, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, उपाध्यक्ष निक्की जैन, शालू जैन और गौरव जैन ने योगदान दिया। मंच के संदीप पीपुरिया, राजेश मिश्रा, आशीष जैन, रोशन जगनानी, श्वेता भाला, प्रियंका जैन, स्वाति जैन, सिमरन जैन, शिल्पी अग्रवाल, शिखा पीपुरिया, काजल जगनानी, योगा कोच पूजा जैन और कृति शर्मा, हॉकी कोच डेविड, श्रुति जैन, मुस्कान जैन, रिंकू जैन, ज्योति पोद्दार ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई।

**आस्था :** राधारानी मंदिर प्रांगण में तीन दिनी हरिनाम संकीर्तन का समापन

# कीर्तन मंडली के गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

**उस्ताद पंचानन पातर पिलित के कीर्तन मंडली में लड़कियों ने खोल बजाकर दर्शकों का मन मोह लिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** राधारानी मंदिर प्रांगण सोनाहातू में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का समापन सोमवार को जागरण रात्रि के साथ ही मंगलवार की सुबह राखाल भोग एवं नगर कीर्तन के साथ धूमधाम के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। संकीर्तन में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के नामी-गिरामी उस्तादों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम महतो जोजोहातू पश्चिम बंगाल, अजित दास रोला कोटशिला पश्चिम बंगाल, पुस्कर दास दुलमी झारखंड, पंचानन पातर पिलित ईचागढ़, रेंगटू दास पिलित ईचागढ़, दुखू दास सोनाहातु शामिल हैं। कीर्तन मंडली द्वारा तीन दिन तक एक से बढ़कर एक संगीत धून देकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। तीन दिन तक सारा गांव भक्तिमय रहा। गांव हो या बाजार सभी जगहों पर लोगों ने मांस मछली की बिक्री को स्वतः बंद कर दिया था। कीर्तन मंडली में लड़कियों के द्वारा खोल बजाने की कला आकर्षण का केंद्र रहा। उस्ताद पंचानन पातर पिलित के कीर्तन मंडली में लड़कियों ने खोल बजाकर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कीर्तन मंडली के उस्तादों ने पुराने गानों के एक से बढ़कर एक धून सुनाकर श्रद्धालुओं को रात भर झुमाया।

तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन धूमधाम व शांतिपूर्ण माहौल में संमपन्न कराने में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रामनारायण भगत, श्यामल दास, नरेश भगत, बसंत दास, अरविंद जयसवाल, आन्नद दास, भंजन महतो, बिमल किशोर सेठ, लालू लोहरा, झुरु दास, सुबोध कुमार दास, रामकुमार भगत आदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके अलावा सहयोगी के रूप में दिलीप दास, संतोष भगत, मधूसुदन दास, बिपिन सिंह, जयकिशोर महतो, बिश्वनाथ भगत, संतोष भगत शिबु, जयप्रकाश भगत समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ केडीएच परियोजना शाखा का पुनर्गठन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बीएमएस क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ केडीएच परियोजना शाखा का पुनर्गठन किया गया। इस मौके पर सीसीएल अध्यक्ष मनोज कुमार रजक, एरिया अध्यक्ष अमर भूषण सिंह एवं एरिया सचिव गोविंद चंद महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे। नवगठित समिति में अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाठक, उपाध्यक्ष घूनी गंझु, हॉस्पिटल राम, पंकज कुमार, सचिव पिंकू सिंह, सह सचिव रवींद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र नोनिया, नारायण महतो, संगठन मंत्री उदय शंकर सिंह, कार्यालय मंत्री अरुण कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष शिबु साव तथा कार्यकारिणी सदस्य में नवेंद्र कुमार साहु, नंदलाल राम, बीरबल गंझु, अरुण जैन, सुनील कश्यप, बिगन गंझु, महावीर गंझू, विमला मंगल प्रसाद, अमिता सिंह, कन्हाई शर्मा श्यामदेव लामा सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

### मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने दो परिवारों को दी आर्थिक सहायता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने खलारी के बमने पंचायत में दो परिवारों को आर्थिक मदद की। खलारी के बमने पंचायत के बमने गांव निवासी स्वर्गीय पनवा देवी तथा मनातू निवासी खेदन महतो को हाल ही में बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। दोनों गरीब परिवार से आते हैं। जानकारी मिलने पर अब्दुल्ला अंसारी दोनों मृतक के घर जाकर संवेदना व्यक्त करते हुए ही खाद्य सामग्री दी। अब्दुल्ला ने आगे भी परिवार वालों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### रड़गांव के गण्यमान्य लोगों ने तमाड़ विधायक से मिल कर समस्याओं से कराया अवगत



**तमाड़/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के रड़गांव गांव के गण्यमान्य लोग तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा से मिले और रड़गांव पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल तमाड़ विधायक विकास मुंडा से उनके आवास में मुलाकात किए ,उनको रडगांव पंचायत के समस्याओं से अवगत कराया। गांव में नाली, श्मशान घाट की बाउंड्री, मदरसा की बाउंड्री जैसी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। विधायक ने समस्या सुनने के बाद इस पर अमल करने की बातें कही। प्रतिनिधिमंडल में मुस्लिम कमेटी के सदर शहजाद आलम, रड़गांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव, समाजसेवी अशोक प्रमाणिक, रासू घूनिया, साजिद हुसैन, शहजाद, अलीमुद्दीन शामिल थे।

### सोनाहातू में कई दलों के लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष अजगुत महतो की अध्यक्षता में बारेंदा पंचायत अन्तर्गत उलीडीह गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित हुए एवं स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत हुए। उपस्थित ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए जिला अध्यक्ष से फरियाद की। जिसपर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष डॉ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विकास के दावे खोखले हैं। आज भी हर गांव में जनसमस्याओं की भरमार है। अलग राज्य गठन के बाद अगर एनडीए के घटक दलों ने इन जनसमस्याओं के समाधान के लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास किया होता तो स्थिति इतनी बदतर नहीं होती। परंतु अब कांग्रेस पार्टी जनता को भगवान भरोसे नहीं छोड़ेगी। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। अध्यक्ष डॉ महतो ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश की जनता का मात्र विकल्प है। भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी ने सिर्फ जनता को छलने का काम किया है। परंतु अब धीरे-धीरे जनता जाग चुकी है और धार्मिक धुर्वीकरण के हर हथकंडों और छल-प्रपंचों को नकार रही है। देश फिर से कांग्रेस पार्टी की नीतियों और राहुल गांधी के ईमानदार नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार है। बैठक में कई लोगों ने विभिन्न पार्टी को त्याग कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनका जिला अध्यक्ष और प्रखण्ड अध्यक्ष ने पार्टी का झंडा देकर स्वागत किया। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से मदन कर्मकार, आशुतोष पुराण, अनिल सिंह मुंडा, दुर्गा प्रसाद सिंह, झुलन सिंह मुण्डा, अर्जुन पुराण, सुनील लोहरा, कृष्णा लोहरा, बिरंची कोईरी,धनंजय पुराण, धनकिष्टो कोईरी एवं हराधन कोईरी आदि शामिल थे। इस बैठक का संचालन सोनाहातू पुर्वी मंडल के अध्यक्ष राधामाधव सेठ ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन आकाश कर्मकार ने किया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# सिल्ली के युवक से पल्सर बाइक की लूट लुटेरों ने चाकू से हमला कर किया जख्मी

**अपराधियों को पकड़ने के लिए अनगड़ा, सिकिदिरी, सिल्ली व ओरमांझी पुलिस संयुक्त अभियान चला रही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के चमघटी पुल के नजदीक मंगलवार की सुबह अज्ञात लुटेरों ने साजन पोद्दार नामक युवक से पल्सर बाइक नं. जेएच01एफए-3621 एवं मोबाइल लूट लिए। लूटपाट का विरोध करने पर साजन के उपर चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। साजन पोद्दार पिता स्व. सुफल पोद्दार रूगड़ीटोली थाना सिल्ली का रहने वाला है तथा सिल्ली आरओ पुल स्थित बजाज ऑटो शोरूम का वर्कर है। साजन को इलाज के लिए सीएचसी अनगड़ा में भर्ती कराया गया है। सीएचसी प्रभारी डॉ अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक की हालत बेहतर है। बताया गया कि युवक साजन पोद्दार सोमवार को लालगंज खेलगांव में अपने मामा निताईचंद्र पोद्दार के घर आया था। मामा के यहां आने के लिए उसने पल्सर बाइक अपने दोस्त सिल्ली के मेदनी गांव निवासी लोकनाथ मांझी से मांगी थी। सुबह यानि मंगलवार को वह लालगंज से बाईक पर सवार होकर सिल्ली जा रहा था। इसी दौरान तकरीबन साढ़े नौ बजे जैसे ही साजन चमघटी पुल के पास पहुंचा पहले से घात लगाकर बैठे तीन अज्ञात अपराधियों ने साजन को बाइक रोकने पर मजबूर कर दिया और फिर मारपीट करते हुए बाइक छिनकर भागने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने साजन के उपर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। बताया गया कि अपराधी बाइक लूटकर चमघटी के रास्ते बीसा गेतलसूद की तरफ भागे हैं। इस बीच घायल युवक साजन पोद्दार को चमघटी गांव के कुछ युवकों ने तत्काल इलाज के लिए सीएचसी अनगड़ा में भर्ती कराया। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने मामले की छानबीन की। इधर अपराधियों को पकड़ने के लिए सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेटा के नेतृत्व में अनगड़ा, सिकिदीरी, सिल्ली व ओरमांझी पुलिस संयुक्त अभियान चला रही है।

## रंगामाटी के उन्नत जैविक किसान के खेत पहुंचे रांची जिला कृषि पदाधिकारी



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रंगामाटी बरवाटोली के उन्नत जैविक किसान संतोष बेदिया की खेती देखने आज मंगलवार को जिला कृषि पदाधिकारी सह उद्यान विकास पदाधिकारी विकास कुमार पहुंचे थे। किसान संतोष बेदिया ने अपने खेत स्थित पॉली हाउस में लगी शिमला मिर्च की खेती दिखायी एवं बताया कि पॉली हाउस मिलने से मैं काफी खुश हूं। इस खेती में बीस हजार रुपए का पूंजी लगाकर एक लाख रुपए का मुनाफा हुआ है। यह सुनकर जिला कृषि पदाधिकारी बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा कि अकेले आगे बढ़ने से नहीं चलेगा इस क्षेत्र के और किसानों को आगे लाना है। मौके पर अनगड़ा बीटीएम नीरा सविता जोजो, दुतिलाल बेदिया आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में बीडीओ ने राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए कुल 89 प्रशिक्षणार्थियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं मौके पर भास्कर फाउंडेशन के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए 73 प्रशिक्षणार्थियों एवं ओपीजेसीसी के द्वारा 16 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## बेड़ो में बीडीओ ने लैंपस को सक्रिय करने के लिए अध्यक्षों के साथ की बैठक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लैम्पस अध्यक्षों को सक्रिय करने के लिए बीडीओ डा. प्रवीण कुमार ने मंगलवार को उनके साथ बैठक की। बेड़ो प्रखंड में कुल 17 लैम्पस हैं। जिनमें हरिहरपुर जामटोली, खुखरा, डोरंडा व ईंटा पंचायत के पास अपना गोदाम है। शेष के पास नहीं है। 17 लैम्पस के अंतर्गत कुल 3280 किसान सदस्य हैं। जो निबंधित किसानों के बीच में लैम्पस खाद एवं बीज का वितरण सब्सिडाइज्ड दरों पर करती है। बीडीओ ने लैम्पस से और अधिक सदस्यों को जोड़ने और सक्रिय रूप से काम करने पर जोर दिया। इसके लिए हर महीने में उनके साथ एक बैठक करने की बात कही। जिससे वे ऊजार्वान होकर सक्रिय रूप से कार्य करें।लैम्पस अध्यक्षों ने बीडीओ को बताया कि धान क्रय किए जाने के बाद अब तक उठाव नहीं होने से उनको काफी परेशानी हो गयी है। एक तो किसानों का उन पर दबाव है, वहीं दूसरी ओर धान के वजन में कमी होने की उन्हें चिंता सता रही है। लैम्पस अध्यक्षों ने वर्किंग कैपिटल बढ़ाने और जिन अध्यक्षों को वर्किंग कैपिटल नहीं मिला है, उन्हें भी आच्छादित करने का मांग किया। बैठक लैम्पस अध्यक्षों ने अन्य पंचायतों में भी गोदाम बनाए जाने की मांग किया। प्रखंड मुख्यालय में अभी तक लैम्पस का अपना गोदाम नहीं बना है। उसके लिए भूमि प्रतिवेदन अंचल कार्यालय हेतु दिया हुआ है। उसे शीघ्र कराए जाने की मां ग किया गया।

# रातू गोविंद नगर में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या

## घर के अंदर बिस्तर के नीचे फर्श पर पड़ा था शव

**पुलिस हत्या का कारण वे अपराधियों की पहचान के लिए कर रही है जांच पड़ताल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के गोविंदनगर के रहने वाले एक 42 वर्षीय व्यक्ति अनिरुद्ध शाही उर्फ राजकुमार शाही की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। उसका शव उसके घर के अंदर लगे बिस्तर के नीचे फर्श पर पड़ा था।

मृतक राजकुमार का पैतृक गांव मांडर थाना क्षेत्र के नारों में है। राजकुमार कई वर्षों से गोविंद नगर में मकान बनाकर रहता था। वह पेशे से मेटेरियल सप्लायर का काम करता था। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह सात बजे मृतक की पत्नी सोनी देवी व 8 वर्ष का पुत्र किसी काम से रांची गये थे। घर में पति अनिरुद्ध के अलावा कोई नहीं था। दिन के ढाई बजे पत्नी जब अपने पुत्र के साथ घर वापस लौटी तो पति को खून से लथपथ पाया। उसके चेहरे व गले में गहरा जख्म का निशान था।



मृतक की फाइल फोटो

इसके उपरांत घटना की जानकारी पत्नी ने अपने पड़ोसियों की दी। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने घटना स्थल पहुंच आस पड़ोस में रहने वाले लोगों से पूछताछ की। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची व गहन जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस हत्या का कारण वे अपराधियों की पहचान के लिए जांच पड़ताल कर रही है।

# लापुंग में डॉक्टर ने मरीज को पीटा

**दोनों अलग-अलग अस्पताल में इलाजरत, शिकायत के बावजूद पुलिस की कार्रवाई नदारद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लापुंग के दानेकेरा गांव में डॉक्टर द्वारा मरीज की पिटाई का मामला सामने आया है। मरीज दिव्या कुमारी कहा है कि जब वह डाक्टर को दवा बदलने को कही तो उन्होंने मारपीट किया। हालांकि चिकितिस्क का कहना है कि मरीज और उसके परिजनों ने भी उनके साथ मारपीट की है। जबकि मरीज ने इसका खंडन करते हुए डॉक्टर पर ही मारपीट का आरोप लगाया है। मारपीट से घायल पीड़िता रिम्स में भर्ती है। दोनों तरफ से पुलिस के पास शिकायत दी गयी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



**क्या है मामला :** बीते 11 मई को द हंस फाउंडेशन की चलंत चिकित्सा इकाई के चिकित्सक डॉ सुशांत कुमार लापुंग के दानेकेरा गांव में इलाज करने गये थे। गांव की दिव्या कुमारी इलाज के लिए उनके पास गयी। उसने पूर्व में दी गयी दवा को बदलने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। चिकित्सक ने दिव्या की नाक पर हाथ से वार कर दिया, जिससे उसकी नाक से खून बहने लगा। चिकित्सक का आरोप है कि उन्हें भी पीटा गया है, जिसमें उसकी बहन और भाई भी शामिल हैं।

**दिव्या कुमारी का आरोप**

**इधर रिम्स में इलाज करा रही दिव्या ने बताया कि उसने चिकित्सक के साथ कोई मारपीट नहीं की। घटना के दिन उसकी बहन और भाई गांव में भी नहीं थे। उसने आरोप लगाया कि चिकित्सक ने ही उसके कपड़े फाड़ डाले और बदसलूकी के साथ मारपीट की। उसका कहना है कि उसने जो लिखित जानकारी पुलिस को दी है, उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उसने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। आरोपी का कहना है कि उसने पहले शिकायत की जिसे पुलिस ने दरकिनार कर दिया।**

## सोनाहातू में कुएं से महिला का शव बरामद

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पछुवाडीह गांव के एक कुंए से मंगलवार दोपहर बाद सोनाहातू थाना पुलिस ने एक 45 वर्षीय महिला का शव बरामद किया है। शव की पहचान गांव के ही बासुकी देवी उर्फ झुन्नी देवी के रूप में की गई है। सोनाहातू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार महिला ने आत्महत्या की है। पुलिस हर बिंदु से पूछताछ और जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## बेंती के जोभिया मे 26 मई से प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का होगा आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के जोभिया बस्ती में ग्रमीणों की एक आवश्यक बैठक रोहण गंझु की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 26 मई से 28 मई तक जोभिया बस्ती में श्री श्री 1008 प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में महायज्ञ की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया, साथ ही क्षेत्र के लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में समाजसेवी रोहन गंझू, चैतलाल महतो, भिनुलाल महतो, शोभनाथ महतो, गणेश गंझू, स्लेंडर महतो, कमलेश महतो, पिंटु, जितेंद्र, मोहनलाल, दिलीप, सिकेन्दर प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# झारखंड राज्य लक्षित जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य मंत्री से की मुलाकात

**जल्द ही पीडीएस दुकानदारों के पक्ष में निर्णय ले सकता है विभाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** झारखण्ड राज्य लक्षित जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू एवं प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने आज खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री एवं विभागीय सचिव से मुलकात की। उन्हें पीडीएस डीलरों के सात सूत्री मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा और उनसे इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए गरीब दुकानदारों की समस्याओं पर सम्मानजनक विचार करने का अनुरोध किया। साथ ही अनुकम्पा के आधार पर अनुज्ञप्ति निर्गत करने, उम्र सीमा समाप्त करने के साथ साथ पूर्व की तरह अनुकम्पा व्यवस्था बहाल करने, प्रति माह 40,000 रुपये मानदेय भुगतान करने पर जोर दिया गया। इस पर मंत्री जी ने कहा कि राशन दुकानदारों के लिए ऑनलाइन वितरण व्यवस्था बहाल की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही ऑफलाइन वितरण व्यवस्था बंद होगी। पॉश मशीन में 4जी की भी व्यवस्था हो रही है। बकाया कमीशन भुगतान एवं जुट बोरी का बकाया राशि का भी व्यवस्था ही गयी है। जहां तक 40,000 रुपये मानदेय का सवाल है उसके लिए मंत्रिपरिषद के साथ साथ विधि विभाग से बात करने के बाद अंतिम निर्णय दुकानदारों के हित में लिया जाएगा। अनुकम्पा पर भी मंत्री जी ने सकारात्मक निर्णय की बात कही।

विभागीय सचिव ने इस मामले में कहा कि आप लोगों के सभी मांगों पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आपलोगों के बकाया कमीशन, जूट की बोरी का बकाया राशि समेत सभी मांगों पर हम विचार कर रहे हैं, जल्द ही आप लोगों को सकारात्मक निर्णय देखने को मिलेगा।

## आंदोलन : पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे असंगठित मजदूर

# असंगठित मजदूरों के बकाया बोनस और सीएमपीएफ भुगतान की मांग

**कहा- जब तक मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में असंगठित मजदूर धरना पर बैठ गए हैं। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन एनके एरिया के नेतृत्व में सैकड़ों असंगठित मजदूर धरना पर बैठकर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। इस संबंध में यूनियन के प्रेम कुमार ने बताया कि यहां कार्यरत असंगठित मजदूरों का बकाया बोनस की भुगतान करने और विभिन्न कंपनियों के द्वारा काटे गए सीएमपीएफ का भुगतान को लेकर प्रबंधन को एक माह पूर्व पत्र देकर समस्या का समाधान करने की मांग की गई थी, लेकिन प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं करने के बाद असंगठित मजदूर यूनियन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं।




उन्होंने कहा कि जब तक मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। असंगठित मजदूर चंदन शर्मा ने बताया कि या मामला करीब 23 वर्ष पुराना है। विभिन्न कंपनी यहां आते हैं और असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ काट कर चले जाते हैं,लेकिन अभी तक किसी भी कंपनी के द्वारा भुगतान नहीं किया गया है,जिसके कारण मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन से कई दौर की वार्ता भी हुई लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला, जिसके बाद अब मजदूरों में आक्रोश देखा जा रहा है और मजदूर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं। उन्होंने बताया कि मजदूरों के द्वारा आवाज उठाने पर कंपनी के द्वारा मजदूरों को काम से निकाले जाने की धमकी दी जाती है। इसके अलावा स्थानीय मजदूरों को कंपनी से हटाकर अब बाहर से मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है,जिससे मजदूरों में आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कंपनियां यहां पर आकर अपना काम कर चले जाते है, लेकिन किसी भी कंपनी के द्वारा अभी तक काटे गए सीएमपीएफ का भुगतान नहीं किया गया है, जिसको लेकर अब मजदूरों ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया है।

इस धरना प्रदर्शन के दौरान उपस्थित मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर काफी संख्या में असंगठित मजदूर और यूनियन के लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नीरजा सहाय डीएवी में छात्र-छात्राओं के लिए पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ आगाज



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए पांच दिवसीय समर कैंप का आगाज हुआ। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीणविकास के लिए विभिन्न क्रियात्मक क्रियाकलापों को यथा विभिन्न खेलों, वादन, गायन, जीवन कौशल, स्पोकेन इंडिलश इत्यादि रखा गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती किरन यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करने से विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर मिलता है।

### सीआइएसफ के नये कमांडेंट ने पिपरवार कैंप में बार्बर शॉप का किया उद्घाटन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के नये कमांडेंट संदीप कुमार एस ने मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बचरा काली मंदिर स्थित सीआईएसफ कैंप का औचक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार सीआईएसएफ के पूर्व कमांडेंट श्री मांगा का तबादला होने के बाद सोमवार 15 मई को नये कमांडेंट के रूप में संदीप कुमार एस ने अपना योगदान दिया। योगदान देने के बाद उन्होंने पिपरवार कैम्प का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्थानीय सीआईएसएफ के पदाधिकारियों और जवानों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित कई दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय भी मौजूद थे। निरीक्षण के बाद कमांडेंड संदीप कुमार एस और पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने कैंप में नवनिर्मित बार्बर शॉप का उद्घाटन किया। दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर कमांडेंड संदीप कुमार एस, पिपरवार जीएम सीबी सहाय, डिप्टी कमांडेट मृत्युंजय स्वामी, असिस्टेंट कमांडेंट अश्विन पी जोर्ज, निरीक्षक ददन सिंह, विकास कुमार, एमके चौधरी सहित सीआईएसएफ के कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

### अड़की में 20 वर्षों से फरार दो वारंटी गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार के निर्देश पर अड़की थाना की पुलिस द्वारा मंगलवार को चलाये गये समकालीन अभियान के दौरान पुलिस ने 20 वर्षों से फरार दो स्थायी वारंटियों दशाय मुंडा और गोंडा मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तान दोनों आरोपित अड़की थाना के स्थायी वारंटी हैं। अड़की थाना के तुबिद गांव निवासी छह जनवरी 2006 को अड़की थाना में मामला दर्ज किया गया था, जबकि इसी थाना क्षेत्र के इंदीपीड़ी गांव निवासी गोंडा मुंडा के खिलाफ रांची जिले के अड़की थाना में 2004 में मामला दर्ज किया गया था। छापामार टीम में अड़की के थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, पुलिस अवर निरीक्षक बिरतू प्रसाद, शशि प्रकाश और उत्तम कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### खूंटी में पांच करोड़ की लागत से बन रहा है भव्य हनुमान मंदिर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय गजटांड के पुराने मंदिर के स्थान एक भव्य मंदिर आकार लेने लगा है। इसके भव्य रूप को देखकर स्थानीय लोगों में काफी हर्ष है। मंदिर के निर्माण के संबंध में समाजसेवी का निर्माण कार्य की देखभाल कर रहे खूंटी प्रखंड के उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप ने बताया कि मंदिर के निर्माण में तीन से करोड़ रुपये की लागत आएगी। अंडर ग्राउंड का कार्य प्रारंभ हो चुका है। रांची के विशेषज्ञ इंजीनियरों के सुझाव और नक्शे के आधार पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पद्मभूषण कड़िया मुंडा सहित कई गणमान्य लोगों ने मंदिर की आधारशिला रखी थी। मंदिर समिति के अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद, महामंत्री जितेंद्र कश्यप कुकू तिवारी, जय भाला, सुभाष मिश्रा, अनूप साहू, ज्योतिष भगत, रोशन लाल की देखरेख में मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

### अर्जुन साहू स्मारक नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की हुई शुरुआत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बिरसा कॉलेज स्टेडियम में सोमवार को अर्जुन साहू स्मारक नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत 15 सोमवार को किया गया। इसका समापन 18 मई को होगा। पहले दिन पांच मैच खेले गये। पहला मैच दतिया स्टार खूंटी बनाम बाला फाइटर तोरपा के बीच खेला गया, जिसमें बाला फाइटर ने जीत दर्ज की। बाला फिल्टर के अंशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिसने तीन ओवर में नौ रन देकर चार विकेट लिये। दूसरा मैच बाबू 11 खूंटी बनाम हिनू रांची के बीच खेला गया, जिसमें बाबू 11 ने हिनू को पराजित कर दिया और मैन ऑफ द मैच इरफान मिल्की को दिया गया, जिसने अपने तीन ओवर में पांच विकेट लेकर सिर्फ सात रन दिए। तीसरा मैच केकेआर खूंटी बनाम भूखा शेर गनालोया के बीच खेला गया, जिसमें केकेआर ने गनालोया को पराजित कर दिया। केकेआर के अमित वर्मा को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उसने नौ गेंदों में 33 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। चौथा मैच एफवाईसी कर्रा और हैंड पॉल्ट्री आजाद बस्ती मुलु के बीच खेला गया, जिसने हैड पॉल्ट्री आजाद बस्ती मुलु ने कर्रा की टीम को पराजित कर दिया। मैन आफ द मैच अरबाज खान को चुना गया, जिसने 12 गेंदों में 45 रन बनाए। यह जानकारी अरकम हुसैन ने दी।

### 10 नामजद और दर्जनों अज्ञात पर भी मुकदमा दर्ज, पीड़िता भेजी गयी उज्ज्वला गृह

# पलामू: पंचायत में तुगलकी फरमान जारी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पलामू।** जिले के पाटन थाना क्षेत्र के जागोडीह में एक युवती द्वारा जबरदस्ती कहीं विवाह कराये जाने का विरोध करने पर पंचायत लगाकर तुगलगी फरमान जारी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 10 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है. कई अज्ञात पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है. बताते चलें कि दो दिन पहले पाटन के जागोडीह पंचायत क्षेत्र में एक 25वर्षीय युवती की पंचायत लगाकर लाठी डंडे से पिटाई की गयी थी और जलील करते हुए उसके सिर के बाल जैसे तैसे काट दिए गए थे. चूना का टिका लगाकर और जूते चप्पल का माला पहनाकर गांव से बाहर छेछानी जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया था. युवती पूरी रात जंगल में ही एक पेड़े के नीचे डरी सहमी रही. सोमवार को उसे पाटन पुलिस जंगल से बेसुध बरामद कर पहले पाटन सीएचसी में, उसके बाद एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में इलाज कराया था।

पाटन के थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि युवती के बयान के आधार पर 10 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि नामजद में से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. कई अज्ञात पर भी मुकदमा दर्ज हुआ है. नामजद और अज्ञात के मामले में गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है. उन्होंने बताया कि एमआरएमसीएच में इलाज के बाद युवती स्वस्थ हो गई थी. उसे उज्जवला गृह में रखा गया है।

**चचेरे भाई ने बुलायी थी पंचायत**

जानकारी मिली है कि बिन मां-बाप की युवती जब घर से शादी के दिन कहीं चली गई थी और करीब एक महीने बाद उसने अपने बारे में जानकारी दी तो उसे आनन फानन में घर लाया गया और नाम कलंकित करने और परिवार की इमेज खराब करने के आरोप में उसके परिजनों एवं अन्य ग्रामीण जनता के द्वारा पंचायत लगाकर प्रताड़ित करने के साथ साथ जलील करने की वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि पंचायत युवती के चचेरे भाई ने बुलायी थी, जिसने तुगलकी फरमान सुनाया।

## रांची रोड में ही निगम से बाहर पिंक सिटी बस का संचालन क्यों : दीपक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के झारखंड कोऑर्डिनेटर सह झामुमो नेता दीपक तिवारी ने प्रेस वार्ता कर एक बार फिर पूर्व मेयर अरुणा शंकर की कार्यप्रणाली का सच उजागर कर दिया है। दीपक तिवारी के बढ़ते कद और पिंक सिटी बस का निजी उपयोग में लाने की मंशा पर पानी फेरने वाले निगम के विपक्ष पर बौखलाई पूर्व मेयर के सवालों पर झामुमो नेता और हमलावर नजर आए। सेवादार दीपक ने पूछा है कि ऐसा कौन कारण है कि पूर्व मेयर रांची रोड में ही पिंक सिटी बस का संचालन निगम क्षेत्र से बाहर कराना चाहती हैं। मेदिनीनगर की जनता को सब पता है, ना ही सड़क पर बस दिखती है, ना ही किसी समय और किस रास्ते बस गुजरती है इसका ठौर ठिकाना है ? इन्हें अपने संस्थान स्थित चियांकी और अब नावाटोली में भी बस का परिचालन करवाने के लिए कहेंगी कि मेदिनीनगर में संचालित है। वहीं दीपक ने बताया कि समझ में नहीं आता है कि टेंडर लिए हुए एजेंसी के बजाय मेयर एवं उनके संबंधियों को कारवाई होने पर क्यों पेट में दर्द हो रहा है।

क्या पूर्व मेयर को लगता है कि पांकी रोड, सिंगरा रोड, बाई पास रोड, शाहपुर-चैनपुर रोड में निगम क्षेत्र की महिलाओं को आवागमन में कोई परेशानी नही होती है। दीपक तिवारी ने कहा कि अगर पूर्व मेयर की मंशा साफ होती तो आनन-फानन में उद्घाटन करने के बजाय पांकी रोड में मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटिड समेत पोखराहा और संत मरियम स्कूल सहित सिंगरा को पिंक सिटी बस के परिचालन का लाभ दिलाने का काम करती।

## जो अपनों के नहीं हुए, वे दूसरों के क्या होंगे : अरुणा शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर ।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नेताजी के दिये बयान पर एक सवाल पूछे जाने पर मुस्कुराते हुए कहीं चलनी दूसे सुप के। पूर्व महापौर ने कहा कि मैं तो भाजपा में हूं भाजपा से राजनीति शुरू की भाजपा ने मुझे पहचान दिया और भाजपा में ही रहूंगी। जहां तक बोर्ड द्वारा पारित टैक्सी स्टैंड में भोजनालय जिसे आप रोटी बैंक के नाम से आवंटन कराना चाहते थे की पीड़ा है। तो बोर्ड ने पता कराया लेकिन पूरे शहर में जिसके आप सेवादार बने हुए हैं कहीं भी आज तक रोटी का बैंक नहीं दिखा अगर है तो बताएं आपका रोटी का बैंक शहर में कहां खुला हुआ है और कितने जरूरतमंद लोग प्रतिदिन भोजन उस बैंक मैं जाकर कर रहे है। रही बात मेरे मॉल, स्कूल, कॉलेज शोरूम कि जहां मेरे परिवार ने हजारों लोगों को रोजगार दे रखा है तो जनाब सरकार आप की है पहले भी जांच आप ने कराया फिर अच्छा से तसल्ली कर ले। ऐसे आप श्री त्रिपाठी जी जिन्होंने आपको एयर एंबुलेंस से लिफ्ट कर लाखों रुपये खर्च करते हुये आप की जान बचायी, शहर में आपको एक पहचान दी जब आप उनके नहीं हुए तो दूसरों के क्या होंगे नेता जी। चिंता ना करें नेताजी नाइ नाइ कितने बाल समय पर पता चल जायेगा।

## शहर में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है, सरकार और पदाधिकारी बेपरवाह: आशीष

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि संपूर्ण मेदिनीनगर नगर निगम घोर पेयजल संकट से जूझ रहा है। निगम के पैंतीस में से पच्चीस से अट्ठाईस वार्ड में पीने के पानी के लिये हाहाकार मचा है और इन सभी वार्डों के लग भग घरों के पेय जल श्रोत सुख चुके है। सप्लाई पानी का हालत खराब है और बहुत वार्डों में सप्लाई पानी का अभी तक व्यवस्था भी नहीं है। पेयजल एक बुनियादी जरूरत है, सभी व्यवस्था और टैक्सों को देने के बाद भी निगम वासी अगर पीने के पानी को तरसे तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस समस्या को लेकर आशीष भारद्वाज ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया और आग्रह किया की कम से कम हरेक वार्ड में तीन टैंकर पानी हरेक दिन दिया जाये ताकि निगम वासी कम से कम अपना जरूरी घरेलू काम कर सके। इस क्रम में आशीष भारद्वाज ने आगे बताया कि हमने इस समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पहले भी दो-चार बार नगर आयुक्त कार्यालय को समाधान के प्रयासों के साथ ज्ञापन दिया था। इस क्रम में मैंने पूर्व में पेयजल एवं स्वच्छत मंत्री झारखंड सरकार मिथिलेश ठाकुर से भी मिलकर दोनो नदियों के तटों को बांधकर इनपर बराज बनाकर टंकी से तथा सेकंड फेज पाईपलाइन को चालू कर शहर को इस भीषण जल संकट से निजात दिलाने का आग्रह किया था। पर यहां के क्षेत्रिय मंत्री होने के बावजूद भी उन्होंने इसपर संज्ञान नही लिया। हम दो नदियों से घिरे हैं और हमारे शहर के पास केचकि और सिंगरा का दो संगम भी है फिर भी हम भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। इसका एकलौत कारण सरकारी उदासीनता ही है। ये सरकार की विफलता है की सारी व्यवस्थाओं कोयल, अमानत जैसे जीवनदायी नदियों के होने के बावजूद भी हम ड्राई जोन है और पीने के पानी का भी इंतजाम नही कर पा रहे है। ऐसे सरकार को तो चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए ।

## बेहतरीन शिक्षकों की टीम से सुसज्जित है संत मरियम स्कूल : डॉ एचसी वर्मा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारत के महान प्रोफेसर शिक्षाविद, पद्म श्री, डां एचसी वर्मा अपने कार्यक्रम के सिलसिले में पलामू दौरे पर थे। इस क्रम में सेमिनार सहित पलामू की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के विभिन्न मुद्दों पर अपना मार्गदर्शन दिया। इसी कड़ी में वे संत मरियम स्कूल के शिक्षकों के साथ संगोष्ठी में शामिल हुए। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए डां एचसी वर्मा ने कहा कि बच्चे अगर देश के भविष्य है तो शिक्षक उनके पारखी है। जहां बच्चे विद्यालयी शिक्षा का केंद्र होते हैं, बच्चों में ज्ञानार्जन सुनिश्चित करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका एक अध्यापक की होती है। शिक्षण के दौरान, एक शिक्षक रचनात्मकता का उपयोग करता है ताकि छात्र ध्यान केंद्रित कर सकें। अपनी सोचने की बेहतर क्षमता का विकास कर सकें। एक शिक्षक ज्ञान का भंडार होता है और उसमें बहुत धैर्य और विश्वास होता है जो छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी लेता है। शिक्षक प्रत्येक बच्चे की क्षमता का निरीक्षण करता है और तदनुसार उस बच्चे को उसकी पढ़ाई में मदद करता है। इस दुनिया में शिक्षक के पेशे को सबसे अच्छा और आदर्श पेशा माना जाता है क्योंकि शिक्षक निस्वार्थ रूप से किसी का जीवन बनाने में सेवा करते हैं। उनके समर्पित कार्य की तुलना किसी अन्य कार्य से नहीं की जा सकती। शिक्षक को कभी उनके कार्य का वेतन नही दिया जा सकता है । राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान का कोई मूल्य नहीं है। आदर्श शिक्षक बनने के साथ साथ डां वर्मा ने शिक्षण की विभिन्न शैली सहित अनेक तथ्यों पर अपने अनुभवों को साझा किया ।

## महिला बोगी में यात्रा कर रहे पांच पकड़ाये

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही संवाददाता)।** वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार जपला आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी तथा स्टाफ के द्वारा महिला और दिव्यांग कोच में अवैध रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 03364 डाउन स्पेशल शटल पैसेंजर को चेक किया गया। चेक करने पर महिला और दिव्यांग कोच से 5 लोगों को पकड़ा गया। पकड़े जाने वाले में सिरहा निवासी सियास कुमार, बखतुआ निवासी श्रवण कुमार, देवलिया निवासी कृष्ण बरेज, परता निवासी सरयू प्रसाद सिंह और शिवा बीघा गांव निवासी रंजन कुमार शामिल हैं।

## दंपती ने लगायी फांसी, पत्नी की मौत, पति गंभीर, रेफर

**आाजद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में एक दंपति ने आत्मघाती कदम उठाया है।दंपति ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसमें पत्नी की मौके पर मौत हो गयी जबकि पति अस्पताल में जीवन-मौत के बीच जूझ रहा है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना के गमहरिया निवासी सोनी देवी व मंटू चौधरी (पति पत्नी) के बीच किसी बात को लेकर सोमवार को विवाद हुआ था। मंगलवार की सुबह दोनो को फांसी से झूलते हुए परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। तुरंत उन्हे उतारा गया। 28 वर्षीय सोनी देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पति मंटू चौधरी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मंटू चौधरी को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती किया गया है। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएचसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। सोनी देवी के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का ही मामला प्रतीत होता है।






























## युवा उत्सव के मौके पर सीबीसी ने चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी, सांसद ने किया उद्घाटन

# प्रदर्शनी राष्ट्र भक्ति का संदेश देनेवाला : पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा युवा उत्सव के मौके पर आज 16 मई को नेहरू युवा केंद्र, बोकारो के सहयोग से सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टर 3 बोकारो, विद्यालय परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के थीम पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन स्थानीय सांसद पशुपति नाथ सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस मौके पर सांसद महोदय का शॉल और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया, केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्रकाशित न्यू इंडिया समाचार की इस महीने की प्रति भी भेंट की गयी।




श्री सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी काफी आकर्षक है, इसमें राज्य के स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जो जानकारी प्रदर्शित की गयी है। वह राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करती है। इसके लिए सीबीसी, धनबाद विभाग बधाई का पात्र है। इस दौरान केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने सांसद को प्रदर्शनी की विशेषताओं के बारे में बताया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने आये सभी लोगों को न्यू इंडिया समाचार की प्रतियां भी भेंट की गयी। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक, सांसद प्रतिनिधि, नेहरू युवा केंद्र बोकारो के जिला युवा अधिकारी गौरव कुमार, सीबीसी धनबाद तकनीकी सहायक राज किशोर पासवान सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इस अवसर पर युवा प्रतिभागियों द्वारा कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति भी दी गयी। इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से किया गया। युवा उत्सव के दौरान झारखंड के अन्य क्षेत्रों में भी केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा युवा उत्सव के मौके पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

# सीआइएसएफ ने छापेमारी कर जब्त किया कोयला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला क्षेत्र के दोबारी स्थित भुईयां पट्टी में मंगलवार की सुबह सीआईएसएफ टीम ने छापेमारी कर लगभग 20 टन अवैध कोयला जप्त किया है। इस छापेमारी से अवैध कोयला तस्करों में हड़कंप का माहौल व्याप्त है। वही छापेमारी की सूचना मिलते ही स्थानीय अवैध कोयला तस्कर फरार हो गए। जप्त अवैध कोयले को सीआईएसएफ की टीम ने बस्ताकोला प्रबंधक को सौंप दिया है। ज्ञात हो कि बेड़ा दोबारी, धनसार और झरिया थाना क्षेत्र का बॉर्डर है। सूत्रों की माने तो बेड़ा दोबारी से लगभग 6 महीने से अवैध कोयला तस्करी का धंधा डंके की चोट पर जारी है। इस अवैध कोयले के खेल को स्थानीय कथा कथित सफेदपोश छूट भईया नेता के द्वारा चलाया जा रहा है। बताते हैं कि राजापुर और बस्ताकोला परियोजना से इन दिनों बाइकर्स गैंग ज्यादा सक्रिय है। राजापुर व बस्ताकोला परियोजना से चलने वाली कोयला ट्रांसपोटिंग हाईवा से कोयला उतारकर बाइकर्स गैंग के द्वारा बेड़ा दोबारी और सहाना पहाड़ी में भंडारण करते हैं। जिसके बाद टाटा मैजिक और 407 वाहन के माध्यम से रात के अंधेरे में गोविंदपुर बरवाड़ा स्थित भट्ठे में खापाया जाता है ज्ञात हो कि विगत 1 माह पूर्व कोयला चोरी को लेकर बमबाजी की घटना हुई थी, इस मामले को लेकर आउटसोर्सिंग प्रबंधक द्वारा झरिया थाना में आवेदन दिया गया था।



**कोयला चोरी रोकने प्रबंधन तत्पर :-** इस संबंध में बेडा प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि अवैध कोयले की छापेमारी सीआईएसएफ दल के द्वारा की गयी है। उक्त अवैध कोयले को बस्ताकोला प्रबंधक को सुपुर्द कर दिया गया। कोयला चोरी पर विराम लगाने के लिए प्रबंधन हमेशा तत्पर रहेगी।

## विश्व डेंगू दिवस पर रैली और कार्यक्रम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मच्छर जनित बीमारी और उसकी रोकथाम को लेकर जागरूकता लाने के लिए विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में कई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सुबह जहां एनसीसी की छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली तो वही दूसरी ओर सिविल सर्जन कार्यालय में सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने प्रेस वार्ता कर लोगो को डेंगू के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। सिविल सर्जन ने मीडिया को बताया की डेंगू के दो लक्षण है एक जहां साधारण है तो दूसरा हेम्ब्रिजिंग का लक्षण है। हेम्ब्रेजिंग काफी खतरनाक है। हेम्ब्रेजिंग से प्लेटलेट कम होता है जिससे खतरा काफी बढ़ जाता है और मरीज की मौत भी हो सकती है। वहीं उन्होंने कहा की डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं मादा मच्छर के वजह से डेंगू फैलता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए विभाग की ओर से कंटेनर सर्वे चलाए जा रहे हैं। सर्वे के माध्यम से घरों में कूलर बर्तन और टायर में रखे पानी हटाने की अपील की जा रही है।

## पत्रकार को हुआ मातृ शोक, पत्रकार संघ ने जताया शोक

**झरिया (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल पत्रकार संघ धनबाद के सचिव सह मंडे मॉर्निंग झारखंड प्रमुख पत्रकार अरुण कुमार के माता 65 वर्षीय स्व धरोपति देवी का निधन सोमवार की देर रात केन्द्रीय अस्पताल धनबाद में इलाज के दौरान हो गया। संघ के सचिव अरुण कुमार ने बताया जाता है कि केंद्रीय अस्पताल धनबाद में बीते कई दिनों से ईलाज चल रहा था, इलाज के क्रम उनका निधन हुआ है। मंगलवार की शाम 4 बजे मोहलबनी घाट में उनका दाह संस्कार किया गया। इधर कोयलांचल पत्रकार संघ के पदाधिकारी तथा सदस्यो ने सचिव अरुण कुमार के माता के निधन पर गहरा दुःख व शोक व्यक्त किया है। संघ के पदाधिकारियों ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक व्यक्त करने वालो में संघ के अध्यक्ष मुख्तार अहमद, महामंत्री राहुल मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष समीम हुसैन, सुनील सिंह, कतरास प्रभारी वसीम अंसारी, रामनारायण राय, काजल राय, साधु सिन्हा, कार्तिक वर्मा, कार्यालय प्रभारी सद्दाम हुसैन, राकेश सिंह, श्रीकांत कुमार, सीडी मिश्रा, जितेंद्र चौधरी आदि थे।

## नगर निगम ने दुकानदारों को दिया अल्टीमेटम

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद मोड़ पर दुकानदारों द्वारा किये गए अतिक्रमण से उत्पन्न सड़क जाम की समस्या को लेकर नगर निगम गंभीर है। निगम द्वारा मंगलवार को यह ऐलान किया गया कि जो भी दुकानदार अपनी दुकान को आगे बढा कर अतिक्रमण किये हुए है वह स्वयं हटा लें अन्यथा निगम उसे हटा देगा। निगम के इस एलान से उन दुकानदारों में खलबली मच गई है जो अतिक्रमण कर अपनी दुकान को सड़क तक आगे बढा लिया है। इससे पहले लोयाबाद पुलिस द्वारा भी दुकानदारों को अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा गया था लेकिन दुकानदारों ने पुलिस के निर्देश को ताक पर रख दिया। दुकानदार द्वारा अपनी अपनी दुकान के सामने काफी आगे बढ़ा कर बना लिया गया है। ग्राहकों द्वारा दुकानों के सामने बाइक व अन्य वाहनों को खड़ा कर दिए जाने से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। वन वे बनाये जाने के बाद काफी गाड़ियां इधर से गुजरती है। जिला प्रशासन द्वारा वन वे बनाए जाने के बाद इधर से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। रांची टाटा बोकारो सहित अन्य जगहों की बसें, हाइवा ट्रकों के परिचालन से यह मार्ग काफी व्यस्त रहती है। ऐसी हालत में अतिक्रमण व जाम से सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। 1998 में अतिक्रमित दुकानों को तोड़ा गया था। 1998 में अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला प्रशासन का बुलडोजर चला था। सड़क के दोनों किनारे की अधिकतर दुकानें को ध्वस्त कर दिया गया था। फिर दुकानदारों द्वारा धीरे धीरे अतिक्रमण कर अपनी अपनी दुकानों को काफी आगे बढ़ा लिया गया है। मालूम हो कि लोयाबाद मुख्य सड़क पीडब्लूडी की जमीन पर है। पीडब्ल्यूडी की बाद अधिकतर जमीनें बीसीसीएल की बतायी जाती है।

## मुख्यमंत्री, विधायक और डीसी को सौंपा ज्ञापन

# कतरी नदी को नमामि गंगे मिशन में शामिल करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** कतरी नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए नमामि गंगे मिशन के तहत कतरी नदी का संरक्षण और संवर्धन हेतु कतरी नदी बचाओ अभियान समिति के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी और संयोजक लखन महतो ने मंगलवार को मुख्यमंत्री धनबाद उपायुक्त सहित बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक नीरज पूर्णिमा सिंह, विधायक मथुरा प्रसाद महतो को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि सरकारी अधिकारियों द्वारा कतरी नदी का निरीक्षण के उपरांत भी इसके बचाव के लिए कोई कारगर कदम नही उठाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि यह नदी केवल एक नदी नहीं बल्कि आम जनता के आस्था और दैनिक जीवन का आधार है जिस पर लाखों लोग आश्रित हैं। जल है तो कल है प्राकृतिक कतरी नदी जिसकी लंबाई लगभग चालीस किलोमीटर है जो पारसनाथ के बेलमी पहाड़ी, तोपचांची से निकलकर राजगंज, कांको, कतरास बाजार, कतरासगढ़, भटिंडा फॉल होते हुए महुदा में दामोदर नदी में जा मिलती है। इस नदी की अधिकतर भु भाग धनबाद शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत आता है जहां से नदी की स्थिति बदतर हो गई है। बताते चले कि कतरी नदी तथा इनकी सहायक नदी और जोरिया(नाला) में लगभग 73 चेक डेम है, जिनकी निर्माण के बाद से अभी तक न ही सफाई हुई है न ही मरम्मत, जिस कारण गाद और मिट्टी भर के ये सारे डैम समतल हो गई है एवं अधिकतर भूभाग छतिग्रस्त भी हो गयी है। वही शहरी क्षेत्रों में शहर के नालियों के पानी से नदी की जल प्रदुषित हो गयी है साथ ही कोल कंपनी के द्वारा ओबी डंप कर इसके मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया है। नदी की प्राकृतिक चौडाई अतिक्रमण के कारण कई जगहों पर संकुचित सी हो गयी है। बताया की कुछ दिन पूर्व ही उप विकास आयुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा के द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट में प्रथम चरण में छह किलोमीटर तक कतरी नदी पर गार्डवाल निर्माण, गाद- मिट्टी की साफ सफाई और अतिक्रमण तथा प्रदुषण मुक्त का प्रतिवेदन भेजा गया था पर अभी तक धरातल पर कुछ नही उत्तर पाया।




# विधायक ने लाखों की राशि की योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह द्वारा विधायक मद से स्वीकृत 39लाख 900 रुपये की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया गया, जिसमें सेठ कोठी में विजय पासवान के घर से होते हुए गुट गुटिया तरफ पीसीसी पथ निर्माण। जेलगोरा नंबर 07 पुराना मैगजीन घर से करबला तक पीसीसी पथ निर्माण, डीनोबिली मोड़ अवस्थित भूली टाइप क्वार्टर चंद्रमा उपाध्याय के घर से बलराम प्रसाद के घर तक नाली निर्माण, जेलगोड़ा नंबर 7 जाकिर अंसारी के घर से मैगजीन घर तक पीसीसी पथ निर्माण। जोरापोखर थाना के समीप सुंदर नगर में सुनील मिश्रा के घर से डी के दत्ता के घर तरफ नाली निर्माण। जेलगोड़ा बाबूबासा एजेंट बंगला के पास सार्वजनिक स्थान पर चबूतरा तथा शेड निर्माण। जेलगोड़ा सार्वजनिक सामुदायिक भवन के पास अतिरिक्त सार्वजनिक सामुदायिक भवन का निर्माण। बागडीगी बस्ती खटालपट्टी में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण। जियलगोरा 2 न में शंकर यादव के घर से सुरेश महतो के घर तरफ नाली निर्माण का उदघाटन कार्य। जेलगोरा 16 न मस्जिद के पास सामुदायिक भवन का उद्घाटन कार्य। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, मृणाल कांत सिंह, नयन चक्रवर्ती, दीपक सिंह, रूपक सिंह, राकेश सिंह, उमा शंकर शाही, संतोष सिंह, भोला यादव, अमरजीत यादव, आजाद चौधरी, फातिमा सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




झारखण्ड सरकार

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

वित्तीय वर्ष - 2023–24 हेतु प्रस्तावित रोजगार मेला एवं प्रमण्डलीय स्तर का रोजगार मेला का कलेण्डर

| क्र० सं० | मेला का प्रकार | दिनांक | दिन |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम रोजगार मेला – 2023 | 03.06.2023 | शानिवार |
| 02 | द्वितीय रोजगार मेला –2023 | 29.08.2023 | मंगलवार |
| 03 | तृतीय रोजगार मेला – 2023 | 08.12.2023 | शुक्रवार |
| 04 | प्रमण्डलीय रोजगार मेला–2023 | माह दिसम्बर – 2023 का तीसरा सप्ताह | – |

PR 297511 Labour Employment and Traning (23-24)_D

नियोजन पदाधिकारी,
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग



Letter No.-01/Stha Dhruv Heli.-01/2022-(Part-I)-2649 date-16.05.2023

### GOVT. OF JHARKHAND
### DEPARTMENT OF HOME, PRISON & DISASTER MANAGEMENT

**NOTICE**

**Recruitment of Helicopter Pilots**

The Govt. of Jharkhand invites application from Indian Nationals for immediate enrolment as Helicopter Pilot, preferably Dhruv endorsed, on contract basis, Attractive terms and competitive compensation package will be offered.

**Requirements-**CPL(H) or ATPL(H) holder having at least 2000 Hrs. on helicopters including 500 Hrs. PIC experience, 75 hrs. as PIC on Dhruv Helicopter with at least 10 hrs. of night flying experience, in addition 30 Hrs. of PIC experience in last 6 months and 5 Hrs. experience on type in past 30 days or The Pilots having no recency on type may produce a satisfactory skill test (as required for license renewal) and they shall be carried out followed by 5 Hrs. of PIC experience.

**Employment-**Selected candidates will be employed on contract basis initially for a period of three years.

**Vacancy**- 03 (Three)

**Application**- Curriculum Vitae including details of aviation experience, valid license & passport, current medical assessment along with recent passport size photograph must reach office of the Principal Secretary, Home Department, Jharkhand Mantralaya, Project Bhawan, Dhruwa, Ranchi-834004 (Jharkhand) by post or through email address:**homejharkhand@gmail.com** within 10(ten) days from date of publication of notice. Economy class air travel expense by shortest route for called candidates will be reimbursed. The Government reserves all rights of selection and recruitment.

Sd/-
Joint Secretary,
Department of Home, Prison & Disaster Management, Govt. of Jharkhand.

PR 297490 Home(23-24)#D



### पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

नीलामी सूचना।

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट परिसर स्थित सी0आई0ए0टी0 स्कूल, के रद्दीकृत सरकारी सामग्रियों (जी0पी0) की नीलामी करने का तिथि दिनांक–29.05.2023 को समय 11:30 बजे निर्धारित की गई है। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक लोग अपना पहचान पत्र के साथ उक्त तिथि को उपस्थित हो सकते है। रद्दीकृत सामग्रियों की विवरणी निम्नलिखित है :–

| क्र0 | सामग्री/उपकरण का नाम | बेकाम/रद्दीकृत सामग्री की सं0 | फ्लोर प्राईस रू0 में (सभी बेकाम/रद्दीकृत सामग्रियो का) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्लास्टिक टेबल | 21 | 504 | |
| 2. | प्लास्टिक कुर्सी | 105 | 840 | |
| 3. | स्टॉप्लाईजर | 02 | 2,000 | |
| 4. | TV स्टैंड | 02 | 50 | |
| 5. | DTH | 01 | 10 | |
| 6. | लकड़ी का पटरा | 02 | – | विनष्टीकरण किया गया |
| 7. | दरी | 01 | – | विनष्टीकरण किया गया |
| 8. | लोहा करछुल (डब्बू) | 02 | 05 | |
| 9. | लोहा छोलनी | 01 | 02 | |
| 10. | एल्युमिनियम डेगची 24" | 01 | 100 | |
| 11. | एल्युमिनियम गमला (कठौत) | 01 | 50 | |
| 12. | लोहे की कड़ाही 30" | 01 | 150 | |
| 13. | लोहे की कड़ाही 26" | 01 | 150 | |
| 14. | लोहे की कड़ाही 24" | 01 | 100 | |
| 15. | लोहे की बाल्टी 10" 12" 16" | 05 | 50 | |
| 16. | एल्युमिनियम जग 10" | 15 | 150 | |
| 17. | फोल्डींग बेड कोट | 55 | 6,875 | |
| 18. | कुल्हाड़ी | 01 | 05 | |
| 19. | बीम सेट | 02 | – | विनष्टीकरण किया गया |
| 20. | युडेन हॉर्स | 01 | 40 | |
| 21. | टेंट | 04 | 40 | |
| 22. | जैकेट लाल | 07 | – | विनष्टीकरण किया गया |
| 23. | झण्डा लाल | 04 | – | विनष्टीकरण किया गया |
| 24. | कैरम बोर्ड | 02 | 20 | |
| 25. | फुटबॉल | 02 | 05 | |
| 26. | वालीबॉल | 02 | 05 | |
| 27. | पी0टी0 मैट | 05 | – | विनष्टीकरण किया गया |
| 28. | प्रिजमैटिक कैम्पास | 01 | 05 | |
| 29. | स्टॉप वॉच | 04 | 08 | |
| 30. | व्हीसील | 05 | 02 | |
| 31. | प्रेशर कुकर 10 ली0 | 02 | 200 | |
| 32. | सिन्टेक्स (500 ली0) | 01 | 40 | |
| 33. | सिन्टेक्स (1000 ली0) | 04 | 200 | |
| 34. | गैस चुल्हा (छोटा) | 03 | 150 | |
| 35. | लोहे की कड़ाही 15" | 01 | 40 | |
| 36. | एल्युमिनियम डेगची 30" | 01 | 100 | |
| 37. | स्टील परात | 01 | 10 | |
| | योग | | 11,906 | |

नीलामी की आवश्यक शर्ते

1. नीलामी के पूर्व 2000 (दो हजार) रू0 प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा अन्याथा नीलामी में भाग लेना संभव नहीं होगा। डाक में सफल होने पर यह राशि रद्दीकृत सामग्री के मूल्य में समायोजित कर ली जायेगी। असफल उम्मीदवारों का प्रतिभूति राशि उसी दिन नीलामी के पश्चात वापस कर दिया जायेगा।
2. प्रतिभूति राशि नगद के रूप में जमा कर सकते है।
3. नीलामी के तिथि को समिति के अध्यक्ष के द्वारा रद्द/स्थगित या फेरबदल किया जा सकता है।
4. उच्चतम डाककर्त्ता द्वारा एक दिन के अन्दर नीलामी राशि पूर्ण रूप से यदि जमा नहीं की जाती है तो प्रतिभूति राशि के रूप में जमा की गई राशि जब्त कर ली जायगी।
5. उच्चतम डाक लगाने के उपरांत सामग्री नहीं ले जाने वाले व्यक्ति का नाम काली सूची (Black List) में डाल दिया जायेगा। तथा भविष्य में होने वाले नीलामी की कार्रवाई में उसे सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी इसके अतिरिक्त नीलामी को प्रभावित करने एवं सामग्री नही ले जाने के आरोप में उनके विरूध प्राथमिकी भी दर्ज की जा सकती है।
6. नीलामी का आधार "सामग्री जो जहाँ है, जैसे है" होगा। भौतिक रूप से उपलब्ध सामग्री जिस स्थिति में होगा उसी स्थिति में देय होगा। इसके विरूध किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकेगा।
7. सभी रद्दीकृत सामग्री सी0आई0ए0टी0 स्कूल, नेतरहाट परिसर में उपलब्ध है।
8. नीलामी में भाग लेने वाले को अपना पहचान पत्र/आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।
9. जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के परिसर में नीलामी हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है।

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

PR.NO.297505 Police(23-24):D


# झारखंड विधानसभा की पर्यावरण और प्रदूषण समिति की बोकारो में हुई फजीहत

## आगबबूला हुए सदस्य, बोकारो परिसदन में जिले के अधिकारियों की लगायी जम कर क्लास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा समिति की फजीहत जिस तरीके से हुई है यह विधानसभा कमेटी के लिए आज तक के इतिहास में पहली बार ऐसा वाकया हुआ है जब समिति के सभापति के साथ सदस्यों को निरीक्षण करने के लिए प्रवेश नहीं करने दिया गया अगर देखा जाये तो यह विधानसभा समिति के लिए इतिहास में काला अध्याय रूप में अंकित किया जायेगा।



आगबबूला हुए सदस्य, जिले के अधिकारियों की लगाई जमकर बोकारो परिसदन में क्लास, कहा अंग्रेजी हुकूमत चल रही है। बोकारो में झारखंड विधानसभा की पर्यावरण और प्रदूषण समिति दो दिवसीय दौरे पर बोकारो में है। दौरे के दौरान आज समिति ने प्रदूषण के हालात की जानकारी लेने के लिए जब वेदांता इलेक्ट्रोस्टील प्लांट पहुंचे तो समिति को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। कंपनी के द्वारा समिति को प्लांट के अंदर तक जाने नहीं दिया गया। जिसके बाद पूरी समिति बैरंग वापस बोकारो परिसदन पहुंच गये। हालांकि वेदांता इलेक्ट्रोस्टील के फैक्ट्री मैनेजर रविश शर्मा ने इसे सिक्युरिटी के अधिकारियों की गलती मानी है और कहा कि जांच कर इस पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्लांट के अंदर समिति को प्रवेश करा दिया गया था। लेकिन बीच में सिक्योरिटी के अधिकारियों ने उन्हें रोकने का काम जरूर किया था। गलती हुई है इससे इनकार नहीं किया जा सकता समिति की हुई फजीहत को देखते हुए समिति के सदस्य विधायक जीग्गा सुसशरण होरो ने कहा कि कंपनी में प्रदूषण को लेकर जो जानकारी मिली थी उसे देखने का आज मौका नहीं मिला। कई खामियां रास्ते में देखने को मिली है। क्योंकि अंदर जाने नहीं दिया गया मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बदतमीजी की यह लग रहा है कि अंग्रेजी हुकूमत चल रही है और पूरी तरह से गुलामी है जिले के अधिकारियों को कोई मतलब नहीं रह गया है समिति के प्लांट में जाने की सूचना पूर्व में दे दी गयी थी, बावजूद इसके इस तरह की हरकत हुई और पुलिस का कोई भी अधिकारी समिति के साथ मौजूद नहीं था जो एक गंभीर विषय है कमिटी रिपोर्ट बनाकर विधानसभा को सपने का काम करेगी।

वह इस पूरे मामले पर आजसू से गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने कहा कि आज जिस तरीके से विधानसभा समिति के सभापति के साथ सदस्यों का जो अपमान हुआ है यह साफ तौर पर विधानसभा सदन का अपमान है और आज का दिन झारखंड के लिए काला अध्याय के रूप में है क्योंकि आज तक किसी भी विधानसभा समिति के साथ इस तरह की दुर्व्यवहार नहीं हुई थी साफ तौर पर ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए और और वैसे दोषियों पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ मुकदमा दर्ज करना चाहिए।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 मई, 2023
www.azadsipahi.in



# भुवनेश्वर से दुबई के लिए पहली उड़ान को सीएम ने झंडी दिखाकर रवाना किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर से दुबई के लिए आज से सीधी उड़ान शुरू हो गयी। फ्लाइट भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे उड़ान भरी। इसे मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुभारंभ किए। पहले दिन राज्य सरकार की 70 सदस्यीय टीम के साथ कुल 170 यात्रियों ने यात्रा की। इसे लॉन्च करते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, समग्र विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। चाहे वह औद्योगिक विकास हो या निवेश, पर्यटन को बढ़ावा देना हो या विदेशों में रहने वाले प्रवासी उड़िया के साथ जोगायग करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपर्क की आवश्यकता होती है। इससे पहले आज दुबई से सीधी फ्लाइट ओडिशा आयी। भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर बिना रुके 170 यात्री पहुंचे। साढ़े चार घंटे के सफर के बाद ये सभी भुवनेश्वर पहुंचे। भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर पहुंचने पर मंत्री अशोक चंद्र पंडा ने फूल, चंदन और महाप्रसाद देकर सभी का स्वागत किया। इस फ्लाइट में एक पुरुष और एक महिला पायलट है। पहले दिन राज्य सरकार की 70 सदस्यीय टीम के साथ कुल 170 यात्रियों ने यात्रा की। यात्रियों में मंत्री, विधायक, मिशन शक्ति के सदस्य, छात्रों और खिलाड़ी के साथ कर्मजिबी हैं। इस इंडिगो एयरलाइंस सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को 180 सीटों वाली 320 एयरबस पर दुबई के लिए सीधी सेवा संचालित करेगी। दुबई के लिए राउंड ट्रिप का किराया 20,000 रुपये है।

# वैश्विक नीति निर्माण में संस्कृति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है : जी किशन रेड्डी

- संस्कृति देशों और समुदायों के बीच संबंधों को बनाये रखने, समझ बढ़ाने के साथ-साथ स्थायी और समावेशी भविष्य के निर्माण की कुंजी है : नित्यानंद राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जी-20 संस्कृति कार्य समूह की द्वितीय बैठक के प्रतिनिधि-स्तरीय विचार-विमर्श सोमवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू हुए। संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बैठक के उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ायी। प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जी. किशन रेड्डी ने कहा कि वैश्विक नीति निर्माण में संस्कृति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि यह समकालीन चुनौतियों का समाधान करने के लिए अधिक समावेशी और स्थायी समाधान की ओर ले जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस आलोक में, जी20 कल्चर वर्किंग ग्रुप सहयोग को बढ़ावा देने और सदस्यों के बीच संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने, साझा शिक्षा को प्रोत्साहित करने और सदस्यों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही प्रत्येक राष्ट्र के अद्वितीय सांस्कृतिक संदर्भों और विरासत पर भी उचित ध्यान दे रहे हैं।

प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के समय और अमृत काल की यात्रा की शुरूआत के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे कर लेने तक खुद को एक भविष्यवादी, समृद्ध, समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने जी-20 के विषय को वैश्विक स्तर पर सभी के लिए न्यायसंगत और समान विकास का एक शक्तिशाली संदेश बताया।

जी20 सदस्यों, अतिथि राष्ट्रों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने आज तीन सत्रों में सीडब्ल्यूजी द्वारा चिन्हित दो प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विचार-विमर्श में भाग लिया।प्रतिनिधियों के दौरे के समय उनके लिए सांस्कृतिक अनुभवों का एक सेट तैयार किया गया है। इनमें कोणार्क सूर्य मंदिर, यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, और उदयगिरि गुफाओं जैसे विरासत स्थलों की यात्रा शामिल है। प्रतिनिधियों को ओडिशा राज्य के मूल निवासी विशेष नृत्य प्रदर्शन जैसे आदिवासी (सिंगारी), संबलपुरी, ओडिसी और गोटीपुआ नृत्य का भी अनुभव होगा। दूसरी जी20 कल्चर वर्किंग ग्रुप मीटिंग के एक भाग के रूप में, ओडिशा के भुवनेश्वर में कला भूमि - ओडिशा शिल्प संग्रहालय में 'सस्टेनः द क्राफ्ट इडिओम' नामक एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी का विषय संस्कृति कार्य समूह द्वारा निर्धारित दूसरी प्राथमिकता - 'एक सतत भविष्य के लिए जीवित विरासत का दोहन' पर केंद्रित है। प्रदर्शनी 16 से 22 मई, 2023 तक जनता के लिए खुली रहेगी। कल्चर वर्किंग ग्रुप गहन विचार-विमर्श की एक समावेशी प्रक्रिया के माध्यम से जी20 सदस्यों, अतिथि राष्ट्रों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ काम कर रहा है। इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य सहयोगात्मक कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करना, सतत विकास के लिए ठोस सिफारिशों और सर्वोत्तम प्रथाओं को और विकसित करना है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### किम्स में चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने किट, किस और किस्म के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत द्वारा बाल रोग विभाग के निकट एक नये चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया गया है। रविवार को श्री सामंत ने बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया, जबकि माताओं और बच्चों की सुविधा के लिए किम्स में व्यापक व्यवस्था की गयी है। बच्चों के मनोरंजन के लिए स्लाइड से लेकर झूले और अन्य खेल व्यवस्था है। किम्स में इलाज के लिए आने वाले बच्चे या माताएं अपने बच्चों को यहां खेलने के लिए बेझिझक छोड़ सकती हैं। उद्घाटन समारोह में स्कूल ऑफ मेडिसिन के प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर सी बी के मोहंती, किम्स के प्रिंसिपल प्रो (ब्रिगेडियर) अंबिका प्रसाद महांति, किम्स के चिकित्सा अधीक्षक राम चंद्र दास और कई अन्य डॉक्टरों ने भाग लिया।

### फ्लैट देने का झांसा देकर 15 करोड़ की ठगी के आरोप में मिश्र क्रिएशन का एमडी ज्योत रंजन मिश्र गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रियल एस्टेट संस्था मिश्र क्रिएशन के एमडी ज्योत रंजन मिश्र पर 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। क्राइम ब्रांच इओडब्ल्यू ने मिश्र क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी ज्योत रंजन मिश्र को गिरफ्तार किया है। स्वदेश राय चौधरी ने जमीन धोखाधड़ी को लेकर शिकायत दर्ज करायी थी। लोगों को फ्लैट दिलाने का झांसा देकर संस्था ने करोड़ों रुपये की ठगी की है। 2016 से ज्योत रंजन ने 127 निवेशकों से 15 करोड़ रुपये ठगे हैं। चंदका में उन्हें अंलापटना में 'यूटोपिया' प्रोजेक्ट में फ्लैट देने का वादा किया था। कंपनी ने 30 महीने में फ्लैट सौंपने का वादा किया था। फ्लैट की कीमत का 95 फीसदी भुगतान करने के बाद भी कंपनी ने 8 साल बाद भी फ्लैट नहीं सौंपा है।

### मैट्रिक का रिजल्ट कल जारी किया जायेगा

**भुवनेश्वर कटक।** मैट्रिक का रिजल्ट 18 मई को जारी किया जायेगा। रिजल्ट बोर्ड कार्यालय में सुबह 10 बजे प्रकाशित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विभागीय मंत्री, सचिव और बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहेंगे. सबसे पहले मंत्री रिजल्ट बुकलेट खोलेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे छात्रों वेबसाइट के जरिए रिजल्ट चेक कर सकते हैं। छात्र www.bseodisha.ac.in पर चेक कर सकते हैं। छात्रों वेबसाइट और एसएमएस दोनों के जरिए रिजल्ट जान सकते हैं। गौरतलब है कि इस साल 5 लाख 41 हजार छात्रों ने परीक्षा दी है। परीक्षा 10 मार्च से शुरू हुई थी, जो 20 तारीख तक जारी रहा। परीक्षा कराने के लिए 316 नोडल केंद्र और 3218 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे।

# सस्टेन : द क्राफ्ट इडियॉम नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में जी-20 कल्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक के मौके पर 'सस्टेनः द क्राफ्ट इडियॉम' नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन किये। भुवनेश्वर के कला भूमि परिसर में आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और डोनर मंत्री जी किशन रेड्डी और गृह राष्ट्रमंत्री नित्यानंद राय उपस्थित थे। जी 20 कल्चर वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक के हिस्से के रूप में, भुवनेश्वर में ओडिशा हस्तशिल्प संग्रहालय - कलाभूमि परिसर में 'सस्टेनः द क्राफ्ट इडियॉम' नामक एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी का आयोजन कल्चर वर्किंग ग्रुप द्वारा अपनायी गयी दूसरी प्राथमिकता - एक सतत भविष्य के लिए जीवित विरासत का उपयोग के विषय के आधार पर किया जा रहा है। प्रदर्शनी कल से 22 तारीख तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

# सीइओ सम्मेलन में सोआ को मिला प्रदर्शन उत्कृष्टता पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) को हाल ही में कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित अपने 23वें सीइओ सम्मेलन में एक राष्ट्रीय पेशेवर निकाय इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (आइआइआइइ) द्वारा प्रतिष्ठित प्रदर्शन उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोमवार को आइआइआइइ राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष डॉ अमिय बेहेरा ने यहां सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक को सम्मान प्रदान किया। डॉ बेहेरा ने कहा कि सोआ को यह सम्मान कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में उसके निरंतर प्रयासों के लिए दिया गया है। पिछले छह दशकों से, आईआईआईई औद्योगिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र को बढ़ावा देने, विकसित करने और सुधारने के उद्देश्य से काम कर रहा है। 5 से 7 मई तक कोलंबो में 'सर्कुलर इकोनॉमी एंड स्ट्रेटेजिक सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर आयोजित संगठन का प्रमुख कार्यक्रम विश्व स्तर की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के माध्यम से अपने प्रदर्शन के लिए संगठनों को पहचानने और सम्मानित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**